e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 48
मंगलवार
18.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएण /257/2024-26

**सुविचार**

कभी कभी इंसान सच में हार जाता है खामोश रहते रहते सफाई देते देते रिश्ते निभाते निभाते और अपनो को मनाते मनाते!

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर कुल

289 अभ्यर्थियों का
नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

राजस्व निरीक्षक | विधि सहायक | सेनेटरी सुपरवाईजर | सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर
गार्डेन अधीक्षक | वेटरनरी ऑफिसर पदों पर नियुक्तियाँ

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री राधा कृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

श्री सुदिव्य कुमार
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

छात्रोपयोगी
वेब पोर्टल्स का
अनावरण

तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं
झारखण्ड अनुसंधान एवं नवाचार नीति-2025 हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला

दिनांक : 18 फरवरी 2025 | स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-346635 (IPRD) 24-25



# यूनाइटेड मिल्ली फोरम ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के दाता नगर में यूनाइटेड मिली फोरम की ओर से हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की। संचालन मास्टर जुबैर अहमद ने किया। इस मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव को अंगवस्त्र व फूल माला देकर फोरम ने सम्मानित किया। इस मौके पर फोरम की ओर से विधायक को मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि उत्तर कोयल मुख्य नगर की सभी वितरणी नहरों को पक्कीकरण करा कर सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा सोन नदी से लिफ्ट कर पानी करारबार व अन्य नदियों में गिरा कर संपूर्ण इलाके में सिंचाई की व्यवस्था की जाएगी। नगर पंचायत क्षेत्र में जल्द ही पानी की समुचित व्यवस्था पर काम हो रहा है। उन्होंने फोरम की सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वह पहले भी राजनीति में अल्पसंख्यकों को भागीदारी दिया है, आगे भी रहेगा। उन्होंने उर्दू स्कूलों को उत्क्रमित करने के साथ शिक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से हुसैनाबाद विकास के मामले में राज्य में सबसे आगे होगा। फोरम की मांगें उर्दू विद्यालयों को सामान्य विद्यालय में परिवर्तित कर दिया गया है, पूनः उर्दू विद्यालय की मान्यता दिलाने का प्रयास किया जाये, नगर निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व दिया जाये, विधायक कोटे की राशी में अल्पसंख्यकों के लिए आबादी के अनुसार हिस्सेदारी का प्रावधान किया जाये, प्रखण्ड का एक मात्र उर्दू मध्य विद्यालय हुसैनाबाद को मैट्रिक तक स्तरोन्नत कराने की पहल की जाये, विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को विस्तारित एवं सुदृढ़ किया जाये, अनुमण्डलीय अस्पताल में महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन कराया जाये, हनुमान विगहा, जपला चौबे को शहरी फीडर से जोड़ा जाये। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ एजाज आलम, राज अली, कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव सैयद हसनैन जैदी, कलामुद्दीन खान, नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, राजद के खुर्शीद अहमद, आमीन अली खान, जाफर इमाम, नेहाल असगर, मौलाना अब्दुल सलाम, प्रोफेसर निजामुद्दीन, मो रशीद, असलम खान इम्तयाज आलम के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## केतार के सदाबह कहे जाने वाला पंडा नदी सूखने की कगार पर



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्धि सदाबह कहे जाने वाला पंडा नदी इन दिनों फरवरी माह में ही सूखने लगा है। जिससे पशु, पक्षियों के साथ-साथ पालतू जानवरों के बीच पानी का संकट बढ़ता दिख रहा है। ज्ञात हो कि पड़ा नदी में पर्याप्त पानी रहने के उपरांत पड़ोस में रह रहे किसानों का खेती का सिंचाई इसी पंडा नदी के पानी से हुआ करता है। किसान अपना डीजल पंप के सहारे खेतों का सिंचाई करते हैं। परंतु पंडा नदी अभी से ही सूख जाने के कारण किसानों में भारी निराशा देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के किसान कुआं एवं डीप बोरिंग के सहारे अपना खेती का सिंचाई करते हैं परंतु अभी से ही पानी का सत्ह दिन प्रतिदिन नीचे जाने को है जिससे किसान चिंतित है।

## कंकारी पंचायत में 21 फरवरी से 5 मार्च तक होने जा रहा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कंकारी पंचायत में क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 21 फरवरी से 5 मार्च तक नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी और मुख्य संरक्षक पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने बताया कि चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें एंट्री लेने वाले खिलाड़ियों को 4100 रुपए देकर एंट्री लेना अनिवार्य होगा।विजेता को 31 हजार रुपए और उप विजेता को 21हजार रुपए और इनाम में सील्ड दिए जाएंगे। वहीं मौके पर उपस्थित शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा की कंकारी पंचायत के सभी बुद्धिजीवी ग्रामीण जनता इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यहां के सभी हिंदू मुस्लिम भाई एक साथ में मिलकर त्यौहार के रूप में इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से आग्रह किया है कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में लोग यहां आकर क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का लाभ उठाएं। मौके पर सचिव सरवन प्रसाद गुप्ता, संरक्षक अरुण पांडे, महेंद्र राम, अख्तर, बच्चन सिंह, छोटू कश्यप, कलाम, सीताराम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मैट्रिक उर्दू का परीक्षा शांतिपूर्ण : केन्द्राधीक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला परीक्षा केन्द्र पर सोमवार को मैट्रिक उर्दू विषय का परीक्षा लिया गया,जिसमे 80 परीक्षार्थी शामिल हुए! केन्द्राधीक्षक डॉ0 अशोक कुमार ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण तथा विभाग के गाइडलाइन के अनुसार लिया जा रहा है और परीक्षार्थियों और वीक्षकों के लिए बुखार, दर्द, सर्दी खांसी और हुक्रू का घोल अपने निजी खर्च से आरपी जेनरिक दवा परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध किया है तथा परीक्षा को सफल संचालन के लिए जीतेन्द्र बहादुर सिंह, अभयकांत पाण्डेय, राकेश कुमार, चंदन सिंह, मनीष राय,आशुतोष सिंह, आशीष कुमार पटेल, शैलेश कुमार शुक्ला, तथा वीक्षक अभिमन्यु पंकज, अनिल कुमार पासवान, राजकुमार राम, मो0 असलम, अवधेश प्रसाद, जीतेन्द्र राम, उपेन्द्र कुमार, अभय राम, अनिल कुमार सिंह, आदि मुस्तैदी के साथ तैनात थे।

# प्राथमिक स्वास्थ केंद्र को प्रखंड प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड परिसर मे सोमवार को प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र (सदर) को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में 3:45 बजे स्वास्थ केंद्र मे ताला लटका हुआ पाया गया । ताला लटका हुआ देखकर प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ विभाग के सभी कर्मी बेलगाम हो गये है जबकी स्वास्थ कर्मी केवल 9 बजे हजारी बनाने आते है और हाजरी बनाकर गायब रहते है। प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने कहा कि नौड़ीहा बाजार प्रखंड कैम्पस मे करोड़ रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सदर बनाया गया है उस अस्पताल मे पहले तो एक ड्रेसर भी बैठ कर दवा की वितरण किया करता था लेकिन आज तो वह भी नदारत था। जब ब्लॉक परिसर मे अस्पताल की तो हालत ऐसी है तो और जगह की हालत क्या होगा। आगे बताते चलें कि नौड़ीहा बाजार प्रखंड में स्वास्थ की सुविधाएं शून्य है । आखिरकार इसका इसका जिम्मेवार कौन है ? स्वास्थ विभाग की पदाधिकारी मौन क्यों है? प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने पत्रकारों से मुख़ातिब होकर बताया कि एक सप्ताह के अंदर स्वास्थ विभाग पदाधिकारी ने उचित करवाई नहीं की और कार्य शैली मे सुधार नहीं तो उच्च अधिकारी के अलाव विभागीय मंत्री के आगे की करवाई के लिए पत्र लिखने की बात कही।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जजलो गांव निवासी महेशी यादव का 40 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण यादव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सोमवार की सुबह उसका शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा सदर भेज दिया वही मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। इधर पीएम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार जजलों निवासी महेशी यादव के 40 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण यादव का शव एक कमरे में साड़ी के फंदे से लटका हुआ परिजनों द्वारा देखा गया देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों के चीख चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया वही मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। लक्ष्मण ने किन कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की इसका पता फिलहाल नहीं लग सका है। पुलिस हर एक पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है।

## कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दे कर जन समस्याओं के निदान की किया है मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कांग्रेस नेताओं ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर जन समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुये शीघ्र समाधान की दिशा में पहल करने की मांग किया है.नेताओं ने कहा है कि नगर पंचायत में व्याप्त इन समस्याओं के कारण आमलोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.आवेदन में गर्मी को ध्यान में रखते हुये नगर पंचायत क्षेत्र में लगे सभी जलमीनार को दुरुस्त कराने, सभी वार्डो में खराब पड़े चापानलों को शीघ्र बनवाने, एक वर्ष के अंदर बने वैसी सड़कें जो जर्जर हो गई है, उसकी मरम्मती कराने, जाम पड़े सभी नालियों की सफाई कराने, खराब पड़े सभी सोलर लाइट को दुरुस्त कराने, नल जल योजना से लगे पाइप नल को सुदृढ़ कराने तथा शहर में जाम व धूल से निजात दिलाने के लिये कठोर कदम उठाने की मांग शामिल है. मांग पत्र सौपने वालो में कांग्रेस के जिला महा सचिव ओमप्रकाश चौबे, जिला सचिव माणिक राम तथा अनुमंडल अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता के नाम शामिल है।

## भगवान नाम जप सर्वोत्तम औषधि : पं मनोज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पोलडीह जगदीश पुर गांव में देवी माँ प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन मंडप पूजन की गयी. यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरनी मंथन की गयी. तीसरे दिन मंगलवार को अधिवास की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. महायज्ञ के दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित मनोज कृष्ण जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि भगवान का नाम सबसे अच्छा औषधि है. उन्होंने कहा ग्राम देवी माँ का प्राण प्रतिष्ठा जारी है. माँ की पूजा तभी सार्थक होती है जब हम अपनी जनम देने वाली माँ की सेवा करते हैं. माँ को जब कष्ट होती है तो वह मातृ हत्या की श्रेणी में आता है. मातृ देवो भव, पितृ देवो भव को आधार मानकर हमे अपनी माता-पिता की सेवा करनी चाहिये.उन्होंने कहा कि आपके द्वारा की गयी पुण्य कार्य ही आपका साथ देगा.उन्होंने कई प्रसंगों के माध्यम से परिक्रमा की महत्ता बतायी. इस परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जारी है। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की.21 फरवरी को महा भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

## पंचायत सचिव संघ की अनुषांगिक इकाई गठित, राधेश्याम शर्मा बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पलामू जिला पंचायत सचिव संघ की बैठक हुयी. बैठक की अध्यक्षता संघ के मुख्य संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी व संचालन जिलाध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने किया. बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा हुयी. इस दौरान संघ के प्रखंड स्तरीय अनुषांगिक इकाई के गठन की प्रक्रिया भी पूरी की गयी. सर्वसम्मति से राधेश्याम शर्मा को संघ का प्रखंड अध्यक्ष चुना गया. वहीं मंजर अंसारी को संघ का सचिव बनाया गया. दोनो नव निर्वाचित पदाधिकार को प्रखंडस्तरीय कमेटी के पूर्ण गठन का जिम्मा सौंपा गया. बैठक में संघ के कई सदस्य मौजूद थे।

# बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा निखारने में कारगर साबित होगा विज्ञान प्रदर्शनी : सौरभ चौबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बीपी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में सोमवार को विशाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे,नावाडीह ओपी प्रभारी चंदन कुमार व एसआई शिवनाथ रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने विज्ञान से संबंधित 40 प्रोजेक्ट प्रदर्शित किया. जिसमे सोलर सिस्टम, ग्रीन हाउस, सूर्यग्रहण, रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेम्पल, रंगोली ऑन वाटर, टाइप्स ऑफ पॉल्युसन, वाटर हार्वेस्टिंग, रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेम्पल, रंगोली ऑन वाटर, सिक्को का एटीएम बॉक्स, एरोप्लेन, स्ट्रक्चर ऑफ यूथ, टाइप्स ऑफ पॉल्युसन, वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट, ज्वालामुखी, सौर्यमण्डल व पवन चक्की प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहा.बेहतर प्रोजेक्ट प्रदर्षित करने वाले टीम को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत किया. इसके अलावा थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने भी अपनी ओर से बच्चों को पुरष्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया.श्री चौबे ने कहा कि बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा निखारने में यह विज्ञान प्रदर्शनी कारगर साबित होगा.बच्चों में विज्ञान के प्रति नयी चेतना भी जागृत करेगा. स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने कहा कि शिक्षा के साथ रचनात्मक कार्यो को लेकर भी रेड रोज स्कूल प्रबंधन सदैव सजग रहा है.हम वह हर आयोजन करते हैं जिससे बच्चों की प्रतिभा निखरती हो. इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया. मौके पर नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बड़कू सिंह, निवर्तमान पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, रंजीत सिंह, राजू बाजपेयी, सिंकू चंद्रवंशी, दीपक कुमार, विकाश गुप्ता मोनू, साबू बानो, संध्या कुमारी, अंजली कुमारी, रिंकी कुमारी, सुषमा कुमारी, बृजेश पटेल, रुद्र नारायण, तीर्थराज सिंह, बसंत यादव, शिक्षिका पम्मी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# छतीसगढ़ के तर्ज पर झारखंड मे भी लागु हो पत्रकार सुरक्षा कानून



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** झारखंड राज्य के अलग -अलग जिले के अलग -अलग प्रखंड से पत्रकारों के साथ बदसूलुकी,मारपीट फर्जी मुकदमा की खबर समाचार पत्र व टी वी चैनल के माध्यम से लगातार देखने को मिलती रही है। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने लगातार आँचलिक पत्रकारों के हित मे आवाज उठाने की काम कर रही है। पत्रकार जब भी भ्रष्टाचार को समाज के समाने लाता है तो उन्हें अलग -अलग तरह के फर्जी मुकदमा में फंसा कर पड़ताड़ित किया जाता है जिससे स्वतंत्र पत्रकारिता करने में काफी परेशानी की सामना करना पड़ता है। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन पलामू के निर्देश पर नौड़ीहा बाजार प्रखंड में नौड़ीहा बाजार प्रखंड कमिटी ने सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष श्री पप्पू यादव व उपाध्यक्ष विश्वप्रेम कुमार के नेतृत्व मे सभी पत्रकार साथियों के साथ सामूहिक रूप से महामहिम राजयपाल के नाम से प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए छतीसगढ़ के तर्ज पर झाखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग की गई। ताकि आँचलिक पत्रकारों ने स्वतंत्र व निर्भीक होकर पत्रकारिता कर सके, और समाज के व्यवस्थित करने मे मदद कर सके। मौक पर पप्पू यादव, विश्वप्रेम कुमार, विनय कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, शिव शंकर पांडे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 48
मंगलवार
18.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

कभी कभी इंसान सच में हार जाता है खामोश रहते रहते सफाई देते देते रिश्ते निभाते निभाते और अपनो को मनाते मनाते!

## क्विक न्यूज

### बिहार भेजी जा रही 6 लाख की अवैध शराब बरामद

**आजमगढ़ :** आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार को मुबारकपुर पुलिस के सहयोग से सठियांव से एक पिकअप पर लदी छह लाख रुपये की अवैध शराब को पकड़ा है। ये शराब बिहार भेजी जा रही थी।जिला आबकारी अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि सूचना पर आबकारी विभाग और पुलिस की टीम ने सयुंक्त कार्रवाई कर सठियांव बाजार से एक पिकअप वाहन को पकड़ा। टीम ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमे 222 पेटी अवैध शराब बरामद हुई, जो लगभग दो हजार लीटर के करीब है। बाजार में शराब की कीमत करीब छह लाख रुपये है।

### दो बच्चों के पिता ने प्रेमिका संग जहर खाया, मौत

**बिजनौर :** जनपद में सोमवार को दो बच्चों के पिता ने प्रेमिका के साथ जहर खाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपला जांगीर में विवाहित दो बच्चों के पिता सौरभ 15 साल में ब्याह हो गया हो गया। उसका गांव की ही महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चार दिन पूर्व दोनों गांव आए थे। सोमवार को दोनों ने जहर खा लिया। दौनो को गम्भीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर घटना की छानबीन की।परिजनों से पता चला कि सौरभ का गांव की ही दूसरी जाति की महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों हरिद्वार में रहकर किसी निजी कंपनी में काम करते थे। करीब चार दिन पूर्व ही दोनों गांव आए थे। सोमवार सुबह दोनों ने गांव के पास स्थित जंगल में जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई।

### महाराष्ट्र सरकार ने एमएसपी योजनाओं के अध्ययन और क्रियान्वयन के लिए समिति गठित की

**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नीत सरकार ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनाओं का अध्ययन और क्रियान्वयन करने के लिए एक समिति गठित की है। राज्य के सहकारिता, विपणन एवं वस्त्र विभाग ने सोमवार को एमएसपी के संदर्भ में शासनादेश जारी किया है। इस शासनादेश में नवगठित समिति को एक महीने के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है, जिसमें राज्य भर में एमएसपी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार के लिए सुझाव और सिफारिशें शामिल करने के लिए कहा गया है। शासनादेश में कहा गया है कि अक्टूबर, 2018 में केंद्र सरकार के तहत कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने इन योजनाओं को लागू करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।

### दिल्ली में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**दिल्ली :** एनसीआर में सोमवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के साथ ही लोगों ने तेज आवाज भी सुनाई दिए जाने का दावा किया है। लोगों को शुरु में ऐसा लगा कि कहीं कुछ जोर का धमाका हुआ है। इस कारण आवाज के साथ जमीन और इमारत हिली है। कुछ देर बाद लोगों को अहसास हुआ कि ये भूकंप के झटके थे।दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर भूकंप आया है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.0 आंकी गई है। इस भूकंप का केंद्र जमीन से मात्र 5 किलोमीटर अंदर धौला कुआं के दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज के पास रहा है। जो कि अरावली की पहाड़ियों से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। जहां जमीन की सतह से महज 5 किलोमीटर नीचे ये हलचल हुई है। जमीन के नीचे प्लेटों की हलचल की वजह से शायद लोगों को ये आवाजें सुनाई दी हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली में ये पहली बार है, जब भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा है। इसकी गहराई भी मात्र जमीन के अंदर 5 किलोमीटर थी। इस वजह से कम तीव्रता के चलते भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। इस कारण लोगों की आवाज सुनाई दी होगी। बता दें कि भूकंप की गहराई को तीन मुख्य श्रेणियों में बांटा गया है। उथले भूकंप मध्यम गहराई वाले भूकंप और गहरे भूकंप हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

### सीएम की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 33वीं बैठक आयोजित की गई

# 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर बनी सहमति

*** झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा आयोजित पिछली बैठकों में आजीवन सजा काट रहे कैदियों के रिहाई से संबंधित अस्वीकृत किए गए मामलों सहित कुल 103 मामलों की समीक्षा की गई**

**मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर विचारोपरान्त कुल 37 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से संबंधित नए मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया। जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किए गए थे। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग श्रीमती वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी विधि विभाग नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआईजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर श्री मो० नसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सीएम हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई हेतु अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर विचारोपरान्त कुल 37 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।

### मुख्यमंत्री 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा।नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बाटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।**



### रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : सीएम

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कारा महानिरीक्षक झारखंड को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड अवश्य रखें। जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों का जीवन यापन सुचारू रूप से चले इस निमित्त उनके लिए आय सृजन की व्यवस्था करें। रिहा हुए कैदियों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## राजहरा कोलियरी से शुरू हुआ कोयले का उत्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उत्कृष्ट कोयला के लिए एशिया महादेश में मशहूर पलामू जिले के राजहरा कोलियरी से कोयले का उत्पादन शुरू हो गया. पलामू के राजहरा नॉर्थ कोल माइंस का उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने किया. राजहरा नार्थ कोल माइंस को फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था. केंद्र सरकार ने कोयला उत्पादन को लेकर यह शर्त रखी थी कि सितंबर 2025 से उत्पादन शुरू हो जाना चाहिए. लेकिन कंपनी जनवरी से ही उत्पादन शुरू कर दिया है.राजहरा नॉर्ट कोल प्रोजेक्ट में करीब 22 लाख मीट्रिक टन कोयला का भंडार है. करीब 30 वर्षो के लिए फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है. कोल प्रोजेक्ट के शुरू होने से इलाके के करीब 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा, जबकि अप्रत्यक्ष तौर पर सैकड़ों लोग जुड़ेंगे. कोल प्रोजेक्ट से राज्य सरकार को करीब 100 करोड़ का राजस्व मिलने वाला है. उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह इलाके में बदलाव के लिए बेहतर है. राज्य सरकार पलामू के इलाके में बंद माइंस को चालू करने के लिए भी पहल करेगी और खनन विभाग को मौके पर लाएगी. उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच कोल माइंस है, लेकिन एक ही से उत्पादन शुरू हुआ है. वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी जगह से उत्पादन को शुरू किया जाएगा. पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अन्य कोल प्रोजेक्ट का जल्द शुरू होने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि राजहरा कोल माइंस चालू करने के लिए भी पहल की जा रही है. कंपनी के निदेशक समीर लोहिया ने कहा कि तय समय से पहले ही कार्य शुरू हो गया है. उन्होंने कहा कि लक्ष्य सिर्फ उत्पादन ही नहीं बल्कि इलाके में विकास कार्य को भी करना है.

**राजहरा नॉर्ट कोल प्रोजेक्ट में करीब 22 लाख मीट्रिक टन कोयला का भंडार है. करीब 30 वर्षो के लिए फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है. कोल प्रोजेक्ट के शुरू होने से इलाके के करीब 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा, जबकि अप्रत्यक्ष तौर पर सैकड़ों लोग जुड़ेंगे.**

## दिल्ली : मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारी शुरू



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार बनने जा रही है। यहां रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालांकि, अभी तक मुख्यमंत्री का नाम उजागर नहीं हुआ। शपथ ग्रहण और सरकार गठन को लेकर सोमवार शाम प्रदेश भाजपा की बैठक हुई। इसमें विधायक दल की बैठक को लेकर समय व तारीख तय हुई।

बैठक में शपथ ग्रहण समारोह के इंचार्ज विनोद तावड़े और तरुण चुघ के अतिरिक्त दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। साथ ही बैठक के बाद शपथ ग्रहण समारोह की तारीख, समय और जगह की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। तैयारियों से लेकर मेहमानों की लिस्ट भी फाइनल की जाएगी। 20 फरवरी शाम 4:30 बजे रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। दरअसल, 8 फरवरी को चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा ने दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत प्राप्त किया था। उसके बाद से सरकार गठन के लिए लगातार भाजपा शीर्ष नेतृत्व के बीच मंथन चल रहा था। बीच में प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिवसीय विदेश यात्रा के चलते भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री का नाम लगभग तय हो गया है और सोमवार को पर्यवेक्षकों की घोषणा कर दी जाएगी। इसके बाद 18 या 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के बाद 20 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा सकता है।

## महाकुम्भ : 54 करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** महाकुम्भ में सोमवार की सायं 4 बजे तक 54 करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा कर रिकार्ड बनाया है। यह महाकुंभ महाशिव रात्रि तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता।उन्होंने कहा कि 2013 में प्रयागराज कुम्भ में 55 दिन के आयोजन में 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे। 2019 में अर्धकुम्भ को हमने कुम्भ के रूप में आयोजित किया, तब लगभग 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार प्रयागराज महाकुम्भ में 45 दिन के आयोजन में बीते 36 दिन में 53 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 35 दिन के अंदर 40 रूटीन के साथ फ्लाइट के साथ ही 700 से अधिक चार्टर उतरे हैं। रेलवे को प्रतिदिन सैकड़ों मेला स्पेशल रेल चलानी पड़ रही है। परिवहन निगम की 14 हजार बसों का बेड़ा चल रहा है। उन्होंने बताया कि 28 से 30 जनवरी तक 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।



## कोर्ट में जल्द सुनवाई न होना आरोपी के मौलिक अधिकारों का हनन : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चाहे जितना भी गंभीर अपराध हो, जल्द सुनवाई आरोपी का मौलिक अधिकार है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 में शामिल है। यूएपीए कानून की धाराओं में जेल में बंद आरोपी को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी की। आरोपी बीते पांच वर्षों से पुलिस हिरासत में था। पीठ ने जताई नाराजगी जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की सदस्यता वाली पीठ ने आरोपी को जमानत दी, जिसे छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपी साल 2020 से पुलिस में हिरासत में था। अभियोजन पक्ष को 100 गवाहों से पूछताछ करनी थी, जिनमें से 42 से पूछताछ हो चुकी है। 42 ने पूछताछ में लगभग एक ही बात बोली है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने पूरे 100 लोगों से पूछताछ पर सवाल उठाए और कहा कि सभी से एक ही बात जानने का कोई मतलब नहीं है। सुनवाई में देरी से समाज और न्याय व्यवस्था को भी नुकसान होता है। पीठ ने कहा कि आरोपी जेल में काफी समय बिता चुका है और बतौर सुनवाई के दौरान उसे इतने लंबे समय तक जेल में रखना संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रदत्त जल्द सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन है।



### सुप्रीम कोर्ट के फैसले तक मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए न हो बैठक : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं. नए चुनाव आयुक्त की तलाश में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर बैठक हुई. इस बैठक में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए. हालांकि, कांग्रेस ने राहुल गांधी के बैठक से निकलते ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बैठक के औचित्य पर सवाल उठा दिए.कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और अजय माकन ने कहा, हमारी मांग है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली कमेटी में भारत के चीफ जस्टिस को होना चाहिए. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है. चुनाव आयोग की नियुक्ति में चीफ जस्टिस को होना चाहिए. एक स्वतंत्र चुनाव आयोग होना चाहिए. हाल ही में चुनाव आयोग को लेकर बहुत सवाल उठे हैं.कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा, आप सबको पता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन को लेकर आज बैठक थी. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 19 फरवरी को इस विषय पर सुनवाई होगी और फैसला सुनाया जाएगा कि कमेटी का संविधान किस तरीके से होना चाहिए. ऐसे में आज की बैठक को टालना चाहिए था.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

## संक्षिप्त खबरें

### राजद ने बुधु भगत और कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**रांची** : राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधु भगत की जयंती तथा स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथी मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सभी नेताओं ने इन दोनों लोगों के संघर्षों तथा कार्यों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह यादव, क्षितिज मिश्रा, चंदन कुमार समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एचईसी की जमीन पर बढ़ता अतिक्रमण, प्रशासन बेखबर

**रांची** : रांची के हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की जमीन पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रबंधन बेबस नजर आ रहा है। धुर्वा इलाके में लोग खाली जमीन पर लोहे की गुमटी, प्लास्टिक के तिरपाल और बांस की बाड़ लगाकर कब्जा कर रहे हैं। अवैध निर्माण का यह खेल रात के अंधेरे में तेजी से हो रहा है। पिछले डेढ़ साल में जगन्नाथ मैदान, एचईसी अस्पताल के आसपास, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-3, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा बस स्टैंड, जेपी मार्केट, डैम साइड और एचईसी के आवासीय परिसर की खाली जमीन पर अवैध निर्माण में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।हालांकि एचइसी आवासीय क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायतें प्रबंधन के पास लगातार मिलती रहती हैं, लेकिन मैन पावर की कमी और निगम खराब आर्थिक स्थिति के चलते प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

## ओबीसी को आप जितना मजबूत करेंगे कांग्रेस उतना ही मजबूत होगी : केशव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की कार्यसमिति की बैठक कांग्रेस भवन रांची में ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर झारखंड प्रभारी राजकिशोर बारिक उपस्थित हुए। बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता परवेज आलम ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन रेणु देवी ने किया। बैठक में प्रदेश ओबीसी विभाग के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो एवं सुरजीत नागवाला का स्वागत किया गया। बैठक में झारखंड के सभी जिले से ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि ओबीसी विभाग को आप लोग जितना मजबूत करेंगे कांग्रेस पार्टी उतना मजबूत होगी। ओबीसी संगठन को जिला पंचायत प्रखंड होते हुए बूथ लेवल तक ले जाना है। ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में मेहनत करने की जरूरत है। ओबीसी विभाग के प्रभारी बारिक ने कहा कि पार्टी हाई कमान का मानना है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी इसलिए हम लोगों को झारखंड में ओबीसी विभाग को मजबूत करते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती हेतु मैं बहुत जल्द प्रदेश के पदाधिकारी को जिला का प्रभारी बनाकर बूथ लेबर तक संगठन खड़ा करने के लिए मैं भी जिले का दौरा करूंगा । बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, धर्मेंद्र सोनकर, राजेश चंद्र राजू, अश्वनी कुमार आनंद, अजय कुमार यादव, निजाम अंसारी, प्रदीप साहू, संतोष महतो, राजेश वर्मा, दीपक कुमार साहू, महेश्वर मंडल, गफ्फार अंसारी, डॉ प्रकाश कुमार , राम अवतार साहू, मोहम्मद इमरान विनोद साहू, सोनू, आशा देवी, रेणु देवी, जाकिर अंसारी सूर्यकुमार, अशोक मंडल, कार्तिक साहू, गुलाम हुसैन, रीतलाल मंडल, अजीम अंसारी के साथ ओबीसी के सैकड़ो साथी बैठक में मौजूद थे।

## कांग्रेस ने हमेशा दिया स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान : मंत्री

### अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद की चौथी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रांची में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची के हरमू रोड स्थित दिगम्बर जैन भवन में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद की चौथी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई।

वहीं इस बैठक में झारखंड सरकार में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही।जहां महापरिषद के पदाधिकारियों ने शॉल व मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी नंदकिशोर मांझी द्वारा किया गया। मंच का संचालन राष्ट्रीय महासचिव कुमार पटेल, स्वागत भाषण कार्यक्रम के संयोजक दिवाकांत झा, राष्ट्रीय समन्वयक हरिराम गुप्त ने विशेष कर बैठक को सम्बोधित किया। वक्ताओं ने देश भर में फैले 2 करो? स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को एकजुट करने पर जोर दिया। बैठक में 22 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

वहीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद आज देश का लोकतंत्र या फिर गणतंत्र है वह सिर्फ स्वतंत्रता सेनानियों के प्रयासों से हुआ है। सरकारें किस प्रकार से उन्हें सम्मान दे सकती है इस दिशा में झारखंड सरकार भी प्रयास करेगी। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पंत, एसएन मिश्रा अजय सीतलानी विनोद कुमार चौधरी अरविंद ठाकुर इंदिरा मिश्रा , परिणीता झा, जयप्रकाश ठाकुर, प्रतिमा , गोपाल नारसन, सुरेंद्र बेटोला, गिरजा शंकर राय, रामकुमार स्वतंत्र, डॉ कुमारी ज्योत्सना, ब्रह्मचारी जी , डॉ संजय द्विवेदी , सत्य प्रकाश द्विवेदी, पप्पू पटेल, प्रकाश चंद्र व अनिता कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर में तेल डालने का कार्य के कारण शहर के कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 18 फरवरी को विधुत शक्ति उपकेंद्र - पॉलिटेक्निक के पावर ट्रांसफार्मर में तेल डालने का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 11केवी बासरटोली और सुजाता फीडर की बिजली आपूर्ति दिन के 12.30 बजे से 01.30 बजे तक बाधित रहेगी।

आरबीएस एस योजना के तहत विधुत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए 18 फरवरी को विधुत शक्ति उपकेंद्र - हरमू के न्यू हरमू फीडर में हरमू हाउसिंग सोसाइटी में फिजियोथेरेपी क्लीनिक के पास एल टी लाइन का काम किया जाएगा। इसीलिए इस ट्रांसफार्मर की बिजली आपूर्ति दिन में 11.30 से 3.00 बजे तक बाधित रहेगी।

18 फरवरी को विधुत शक्ति उपकेंद्र - पुंदाग के दीपाटोली फीडर में आरडी एस एस योजना से संबंधित कार्य किया जाएगा, जिसके कारण इस फीडर की बिजली आपूर्ति दिन के 11.30 से 03.00 बजे तक बाधित रहेगी। विधुत शक्ति उपकेंद्र -अशोक नगर के पुंदाग फीडर के कुनेर टोली में, कडरू फीडर के अशोक विहार गेट नंबर 1 के पास और अरगोड़ा फीडर के अमलतास, अशोक नगर रोड नंबर 4 में RDSS योजना से संबंधित कार्य किया जाएगा। जिसके कारण इस क्षेत्र की विधुत आपूर्ति 10 बजे से 3.00 बजे तक बाधित रहेगी। संबंधित क्षेत्र के सभी सम्मानित विधुत उपभोक्ताओं से अनुरोध है,कि आप बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य को समय से पूर्व कर लें।

## झामुमो जिला संयोजक मंडली ने कोकर मे चलाया सदस्यता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह कॉलेज के समीप कोकर, रांची मे शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे चलाए गए सदस्यता अभियान मे मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो एवं आदिल इमाम, अफरोज आलम, लालजी रमण, बबलू राम, आशुतोष वर्मा, रवि टोप्पो, संजय ठाकुर, मो निजाम, परवेज आलम, सुजीत



उपाध्याय, विश्वजीत गोप, अमन तिवारी, असद फेराज टिंकू, अवधेश यादव, राजीव कु नन्दी, विजय रविदास, सचिन सिंह , ओमकार राय, गोपाल पांडेय, साहिल यादव राकेश, विक्की, लक्ष्मण राम, मो इरफान, अतिकुर रहमान, राजकुमार ठाकुर, मिथलेश कुमार सिंह, गोविंद, गोपाल दत्ता एवं अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे मुख्य रूप से संजय ठाकुर के साथ विक्की एवं अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## वीर बुधु ने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज बुलंद किया था : कुलपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के वीर सपुत कोल विद्रोह के महानायक बुधु भगत ने अंग्रेज के दमनकारी शासन के विरोध आवाज पुरजोर तरीके से बुलंद किया था।

यह बात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजी 'विविश्वविद्यालय, रांची में मनाये जा रहे वीर बुधु भगत के 233 वीं जन्म जयंती समारोह के अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शाण्डिल्य ने कहा।

कायर्क्रम की शुरूआत बीर बुधु भगत के छायाचित्र पर पुष्पापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया है। इसके बाद कुडुख़ विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया है। इसके बाद अतिथियों का स्वागत विभाग द्वारा एक नई परंपरा बनाते हुए डॉ. रामकिशोर भगत द्वारा रचित पुस्तक 'वीर बुधु भगत जीवन और दर्शन' भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर कई विभाग के शिक्षक जिनमें नागपुरी के डॉ. मनोज कच्छप, डॉ. मालती बागिशा लकड़ा, कुड़मालि के डॉ. निताई चंद्र महतो, कुँडुख़ के डॉ. सिता कुमारी, सुश्री सुनिता कुमारी, खड़िया सुश्री शांति केरकेट्टा, संताली के डॉ. डुमनी माई मुर्मू, मुंडारी के डॉ. दसमी ओड़ेया के अलावे कई विभाग के सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आंदोलन और बलिदान से मिला है झारखंड, युवा इसे संवारने में आगे आएं : अनुज सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : वरिष्ठ पत्रकार और लेखक अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि लंबे संघर्ष, आंदोलन और शहादत से झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ है। युवाओं को इसे संवारने और हर झारखंडी के हक-अधिकार को सुरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए आगे आना होगा। युवा अपनी क्षमता और ऊर्जा का बेहतर उपयोग अपने भविष्य को संवारने के साथ-साथ झारखंड के सतत विकास में लगाएं, यही झारखंड के शहीदों के प्रति सच्चा विश्वास और सम्मान होगा। वे रांची के मैथन हॉल में अबुआ अधिकार मंच द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी शहीदों का सपना और युवाओं की भागीदारी में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने झारखंड आंदोलन, धरती पुत्रों के संघर्ष और शहादत पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अलग राज्य गठन के उद्देश्य को समझना चाहिए और विचारों की क्रांति का अलख जगाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. विनय भरत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड शहीदों के बलिदान की देन है और इसे संवारने की जिम्मेदारी अब नई पीढ़ी पर है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नेतृत्वकारी भूमिका में आगे आएं और झारखंड के समग्र विकास के लिए सक्रिय योगदान दें। सरजीत मिर्धा ने झारखंड आंदोलन के दौरान अपने संघर्ष के अनुभव साझा किए और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राज्य के ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए सकारात्मक पहल करें। इस अवसर पर डॉ. रामानुजम ने भी अपने विचार रखते हुए युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौतम सिंह, नीरज वर्मा, घनश्याम मुंडा, विश्वास उरांव, नीतीश सिंह, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, विशाल यादव, गुलाबी मुंडा, नेहा महतो, अभिनाश उरांव, सुमित कुमार, मुदस्सर अंसारी, प्रेम, मनजीत, बी.एस. महतो, ऋषभ आनंद, मनजीत साहू, हरिओम महतो, प्रियांशु शर्मा, राजकुमार महतो, गुंचा कमर, रूफी परवीन, मनीषा महतो, ईशा गुप्ता, सुशील, पंचम, साहिल, सिद्धांत, अमन, मुसाबिर, अंकित, राहुल, अदनान, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पीड़ित मुआवजा के लिए डालसा में आवेदन दें : प्रवीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में अनगड़ा प्रखंड के गुड़ीडीह पंचायत भवन में डालसा ने जस्टिस-ऑन-व्हील मोबाइल वैन टूर कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी बेबी सिन्हा, मीना श्रीवास्तव, मालती देवी, यशोदा देवी, संगीता देवी, विधि के छात्र उपस्थित थे। मौके पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने




बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जेजे एक्ट, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने नशा उन्मूलन पर कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वास्थ्य दोनों की हानि होती है। उन्होंने बाल विवाह बाल विवाह अधिनियम-2006 कानून की जानकारी लोगों को दी। श्रीवास्तव ने मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होने वाले मुआवजा की जानकारी भी मौजूद लोगों को दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित या पीड़िता मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। पीड़िता अगर महिला हो तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। उन्होंने दहेज प्रथा कानून-1961 की जानकारी भी विस्तार से दी। डालसा की पीएलवी बेबी देवी ने आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत व आगामी 22 फरवरी को होनेवाले विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। पीएलवी मालती कुमारी ने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी।

## राज्य सरकार महंगे पर्यटन आयोजनों के बजाय आम जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दे : राफिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार पर निशाना साधा, महंगे पर्यटन आयोजनों के बजाय आम जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देने की अपील की ।



झारखंड में आयोजित स्काईडाइविंग फेस्टिवल -2025 पर बीजेपी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। राफिया नाज ने इस महंगे आयोजन को आम आदमी की पहुंच से बाहर बताते हुए राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा किया।राफिया नाज का कहना है कि स्काईडाइविंग जैसी महंगी गतिविधियों को बढ़ावा देना, जो प्रति व्यक्ति 28,000 की लागत में आयोजित होती है, यह आम जनता के लिए सुलभ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से केवल पर्यटन को बढ़ावा देने का दावा कर रही है, जबकि वास्तविकता में यह गतिविधियां सिर्फ समाज के एक विशेष वर्ग के लिए उपलब्ध हैं।

## शिक्षा और एकता से आगे बढ़ रहा है केसरवानी समाज, सामूहिक आदर्श विवाह समय की माँग है : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पिस्कानगडी रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के तत्वाधान आगामी 16 फरवरी 2025 को धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर के नीलाद्री धर्मशाला में रविवार को दशम् आदर्श सामूहिक विवाह एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया । मौके पर मुख्य अतिथि के रूप केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सदस्य महुआ माँझी, राज्य सभा सदस्य प्रो आदित्य प्रसाद साहू, हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया गया । तत्पाश्चत गोत्रआचार्य महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि केसरवानी समाज शिक्षा और एकता से आगे बढ़ रहा है समाज में केसरवानी वैश्य समाज की ख़ास योगदान हैं शिक्षा के माध्यम से समाज को बेहतर बनाना है। हमें मिलकर समाज में फैले अशिक्षा दहेज कुरीतियों को दूर करना है। इस कार्यक्रम में झारखंड बिहार छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल उड़ीसा सहित झारखंड प्रदेश के सभी ज़िलों से हज़ारों केसरवानी वैश्य सभा के लोग शामिल हुए ,मौके़ पर संरक्षक सह राष्ट्रीय सलाहकार शिवकुमार केशरी, संयोजक तपेश्वर केशरी, उमेश कुमार केशरी, प्रदीप केशरी, मनोज केशरी,



राधेश्याम केशरी सीताराम केशरी, अनिल केसरी संजय चौधरी अमरजीत केसरी रूपेश केसरी हेमंत केसरी मनीष केशरी, रवि केशरी, मिथिलेश केशरी ,कमलेश केशरी ,प्रदीप केशरी ,सुरेन्द्र केशरी ,मोहन साहु मदन केशरी गोपाल प्र0 साहु ,मोहन साहु ,सीताराम केशरी ,दिनेश केशरी ,मुकेश केशरी ,हेमंत केशरी ,रामानंद चौधरी ,रूपेश केशरी ,द्वारिका केशरी ,संतोष केशरी ,दीपक केशरी (गुगु) ,पंकज केशरी,रंजीत कु0 केशरी,कैलाश केशरी ,तारकेश्वर केशरी ,अखिलेश केशरी ,मनीष केशरी ,गौरीशंकर केशरी ,संजीव केशरी,आदित्य केशरी ,विनोद केशरी ,गोपाल केशरी ,दीपक केशरी,राजेन्द्र केशरी,राहुल केशरी,कमलेश केशरी (पी0पी0सागर) आदित्य केशरी,दुर्गा प्र0 केशरी ,मोहन साहु, , रवि केशरी,कमलेश केशरी,सुजीत केशरी राजकमल चौधरी ,सुरेन्द्र केशरी,राजेश कु0 केशरी,जिला महिला सभा अध्यक्ष रेखा केशरी, चेतना केशरी, नेहा केशरी, गायत्री देवी , सुनीता केशरी , संगीता चौधरी , स्वाति केशरी, शांति देवी , मंजू चौधरी , मंजू देवी , सावित्री केशरी, अनू देवी, नीतू केशरी, जिला तरूण सभा मनीष केशरी, प्रमोद केशरी, प्रेम प्रतीक केशरी, रंधीर केशरी, प्रदीप केशरी ,राधेश्याम केशरी ,रामजीवन केशरी ,दिनेश केशरी ,संजय चौधरी ,शिवम् केशरी ,प्रेमशंकर केशरी ,पंकज केशरी मोहन साहु तारकेश्वर केसरी प्रदीप केशरी,अरविंद केशरी ,पंकज कु0 केशरी , संजीव प्र0केसरी सचिन केशरी,रघुवीर केशरी ,संजय केशरी ,श्री उमेश केशरी ,मिथलेश केशरी ,सीताराम केशरी ,गणपत केशरी ,तपेश्वर केशरी ,अर्जुन केशरी,आदित्य केशरी विवेक केशरी मनोज केशरी , रामजी प्र0 केशरी ,राजकुमार केशरी,नन्दकिशोर चौधरी सहित राँची सहित कई ज़िलों के केसरवानी समाज के हज़ारों लोग उपस्थित थे।

## पूजा सिंघल से जुड़े मामले में सुनवाई अब 21 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए। वहीं सोमवार को अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने अदालत में याचिका दाखिल कर कहा है कि यदि पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था।

जांच एजेंसी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर



छापेमारी की थी, जिसमें ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, जबकि कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

## कैंसर देखभाल को सशक्त बनाने के लिए मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने टाटा ट्रस्ट के सीईओ के साथ किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में कैंसर देखभाल को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज मुंबई में टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा से मुलाकात की। इस बैठक में राज्य में कैंसर उपचार की स्थिति, सस्ती और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का विकास, तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा, हमारा लक्ष्य झारखंड में कैंसर



देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है ताकि मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। सरकार इस दिशा में मेडिकल साइक्लोट्रॉन सुविधा स्थापित करने पर कार्य कर सकती है। बैठक के दौरान सिद्धार्थ शर्मा ने भी झारखंड में कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि राँची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की सतत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए CGHS दरों में 10 प्रतिशत की वृद्धि आवश्यक हो सकती है।

बैठक में सिद्धार्थ शर्मा के अतिरिक्त टाटा ट्रस्ट्स के वरीय अधिकारी और चिकत्सक शामिल थे ।

## दिल्ली स्टेशन हादसे पर सुधीर कुमार पप्पू ने जताई चिंता, रेल मंत्री से मांगा इस्तीफा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजवादी चिंतक एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर हुए हादसे पर चिंता जताते हुए मृतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई है। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव पूरी तरह से बेशर्मी पर उतरे हुए हैं। उन में जरा भी लोक लज्जा नहीं है।जबकि हकीकत यह है कि जब से अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री बने हैं लगातार हादसे हो रहे हैं और अब तक सैकड़ो यात्रियों की जाने जा चुकी है। टेक्नोलॉजी अद्यतन है और दावा किया जाता है कि रेल यात्रा पूरी तरह से सुरक्षित है। उनका दावा हवा हवाई है। करोड़ों में लोग संगम आस्था की डुबकी लगाने जा रहे हैं। यहां आलम यह है कि रेल यात्रियों को ट्रेन में सफर करने के लिए ऐसी कोच के कांच की खिड़कियां तोड़नी पड़ती है।



## चांडिल में आयोजित कोल्हान कांग्रेस समागम में जमकर शामिल होंगे नेतागण, तैयारी बैठक संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने तैयारी समिति के बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर अगामी 1 मार्च को चांडिल प्रखण्ड के बाडामटांड, चावलीबासा में कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय कांग्रेस समागम का वृहत आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के हजारों कार्यकर्तागण शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल अपने नेता प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, सुबोध कांत सहाय का स्वागत प्रोटोकॉल के तहत सम्मान करेगी तथा नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी को कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आने के लिए आमंत्रित करेगी।जिला कांग्रेस कमिटी बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने वाले एवं निष्क्रिय पदाधिकारीगण को जल्द ही पदमुक्त किया जागा। जिसमें सभी कांग्रेस नेतागण पदाधिकारीगण शामिल होंगे।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ल, सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, शफीअहमद खान, अंसार खान, मनोज उपाध्याय, अंकुश बनर्जी, गीता सिंह, सुशीला पाण्डेय, किशनलाल महतो आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद ने किया।



## जमशेदपुर एफसी मोहम्मडन एससी के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए तैयार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर एफसी 20 फरवरी को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में मोहम्मडन एससी के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए पूरी तरह से तैयार है. प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से मेन ऑफ स्टील एक अहम जीत हासिल करने और लीग तालिका में ऊपर चढ़ने के लिए दृढ़ है.जमशेदपुर एफसी ने आज फ्लैटलेट में अपने अंतिम ट्रेनिंग सेशन का समापन किया, जिसमें अहम मुकाबले से पहले अपनी रणनीति और रणनीति को दुरुस्त किया. टीम कल कोलकाता जाएगी, जहां मोहम्मडन एससी के खिलाफ अपनी पिछली जीत को दोहराना चाहेगी.लगातार दो हार झेलने के बाद मेन ऑफ स्टील जीत की राह पर लौटने और प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उत्सुक है. लीग चरण में चार मैच शेष रहने के साथ, जमशेदपुर एफसी आईएसएल प्लेऑफ के लिए सीधे क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए अधिकतम अंक जुटाने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है.हेड कोच खालद जमील टीम को प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं, उनकी गेम प्लान को बेहतर बना रहे हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं.हालांकि, मोहम्मडन एससी मेन ऑफ स्टील के खिलाफ अपनी पिछली हार का बदला लेना चाहेगी और स्कोर को बराबर करने के लिए उत्सुक होगी. यह मैच एक हाई प्रेसर वाला मुकाबला होने का वादा करता है, जिसमें दोनों टीमें लीग तालिका में महत्वपूर्ण अंक हासिल करने की होड़ में हैं।

## बढ़ती सड़क दुर्घटना पर क्षेत्र के नागरिकों ने जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल को सौंपा मांगपत्र

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोविंदपुर अन्ना चौक से टाटा पॉवर प्लांट, नुवोको सीमेंट कंपनी एवं टाटा मोटर्स के साउथ गेट होते हुए जेम्को शहीद भगत सिंह चौक तक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में खड़े भारी वाहन एवं ट्रेलर जानलेवा साबित हो रहे हैं।जनहित के इन समस्या को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के पहल पर जमशेदपुर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन एवं जमशेदपुर पूर्वी के विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव के नेतृत्व में भाजपा एवं आजसू नेताओं के संग क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त अनन्य मित्तल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रेलरों और भारी वाहनों के कारण पैदल चलने वालों, स्कूल जाने वाले बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गोविंदपुर, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा, जोजोबेरा एवं जेम्को क्षेत्र के नागरिकों ने एक स्वर में प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की। इस दौरान सभी ने कहा कि यदि जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो सभी नागरिकगण बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, भाजपा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, भाजपा बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, कमलेश सिंह, संजय सिंह, हेमंत खलखो, संतोष सिंह, अजय कुमार सिंह, रामबिलास शर्मा, अरविंद सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।



## भूमिज समाज का विशाल मिलन समारोह आयोजित

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया उद्घाटन, समाज की एकता को सराहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला/जमशेदपुर :** घाटशिला के युक्तिडीह फुटबॉल मैदान में भूमिज समाज का विशाल मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कलश यात्रा से हुई, जिसके बाद नाया/लाया दाराम की रस्म पूरी की गई। भूमिज समाज का पारंपरिक झंडा रोहण कर समाज के गौरवशाली इतिहास को याद किया गया। मुख्य कार्यक्रम में चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ सिंह भुमिज की प्रतिमा का अनावरण एवं पूजा-अर्चना कर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

इस मिलन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, भूमिज समाज ने सदैव अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया है और अपनी परंपरा को जीवंत रखा है। झारखंड सरकार समाज के इतिहास को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने पर कार्य कर रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने महान पूर्वजों के संघर्ष और योगदान से प्रेरणा ले सके।

**भूमिज समाज की एकता और संस्कृति ही हमारी असली ताकत : संजीव सरदार**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार ने समाज को एकजुट रहने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, भूमिज समाज का इतिहास बलिदान, संघर्ष और स्वाभिमान से भरा पड़ा है। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से हम अपने समाज को और अधिक सशक्त बना सकते हैं।

**संस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं ने मोहा मन**

कार्यक्रम के दौरान पुनसिया आदिवासी छऊ नृत्य पार्टी और बुढीझोर आदिवासी शिव शक्ति छऊ नृत्य पार्टी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें समाज की पारंपरिक नृत्य कला और सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का आयोजन वीर शहीद रघुनाथ सिंह क्लब, युक्तिडीह द्वारा किया गया, जिसमें अध्यक्ष मनोरंजन सिंह, सचिव प्रशांत सिंह, कोषाध्यक्ष मनसाराम सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## झारखण्ड आंदोलनकारी राजेंद्र के श्राद्ध कर्म में पहुंचे अर्जुन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ निवासी भाजपा नेता सह झारखंड आंदोलनकारी राजेंद्र सिंह मुंडा का निधन पर श्राद्ध कर्म में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि राजेन सिंह मुण्डा झारखंड आंदोलन में साथ रहे और काफी करीबी रहे। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से समाज एवं पार्टी का काम किया करते थे। मौके पर भाजपा नेता ठाकुरदास महतो, पप्पू वर्मा, बनुसिंह सरदार, अनिल सिन्हा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चला अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उत्पाद विभाग सरायकेला-खरसावां के अधीक्षक के निर्देशानुसार अवर निरीक्षक उत्पाद, आदित्यपुर अंचल द्वारा आज आर. आई. टी थानां अंतर्गत भुआ जंगल एवं पार्वतीपूर नदी के किनारे शराब अड्डा पर छापेमारी किया गया. जहां छापेमारी के दौरान 700 केजी जावा महुआ शराब को विनष्ट किया गया और 50 केजी महुआ शराब को ज़ब्त भी किया गया है। वही दो संचालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज भी किया जाएगा ।

## संताली शिक्षकों की बहाली बहुत जल्द : रामदास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर स्थित झामुमो पार्टी कार्यालय में सोमवार को पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिशु हेम्ब्रम के नेतृत्व में झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सह निबंधन मंत्री रामदास सोरेन एवं सांसद जोबा माझी को बुके देकर स्वागत किया. मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि बहुत जल्द संताली शिक्षकों की बहाली होगी. 2024 में विधानसभा चुनाव में भी महागठबंधन की पुर्ण बहुमत की सरकार बनी. अब विकास की गति में तेजी आयेगी.सांसद जोबा माझी ने कहा कि झामुमो का प्रत्येक तीन साल में महाअधिवेशन होता है. इस महाअधिवेशन से पहले सदस्यता अभियान चल रहा है. सदस्यता अभियान में लोग काफी रुचि ले रहे हैं. इस अवसर पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य कृष्णा बास्के, सरायकेला विधानसभा के पुर्व झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली, झामुमो युवा जिलाध्यक्ष भुगलू उर्फ डब्बा सोरेन, पुर्व जिला उपाध्यक्ष बिशु हेम्ब्रम, दशमत मार्डी, भक्तू मार्डी, धानो टुडू, श्याम टुडू, दिवाकर पात्र, राजाराम सरदार, दिलीप महतो, घासी राम मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेसजनो ने मनाया वीर शहीद सोमाय गागराई का शहादत दिवस, सांसद ने की श्रद्धा सुमन अर्पित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के बडाबांबो मुख्य चौक में शहीद स्मारक समिति के द्वारा पश्चिमी सिंहभूम के पूर्व कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी स्व सोमाय गागराई का शहादत दिवस मनाया गया। खुंटी सांसद कालीचरण मुंडा एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्वर्ग घाघरा के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ उनके आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि कोल्हान की जनता एवं समाज के लिए सोमाय की हत्या नुकसान देह है। उनकी हत्या से समाज को सबक लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्व गागराई सौम्य स्वभाव के थे। कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार पूर्ण निष्ठा और समर्पित भाव से करते थे। कांग्रेस पार्टी के द्वारा उनके काम को सदैव याद रखा जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से सांसद कालीचरण मुंडा, जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, राज बकची, छोटराय किस्कू, कोंदो कुंभकार, मंगल हांसदा, शंकर लोवादा, दामा महतो, तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## कुचाई में कांग्रेस कमिटी के वनभोज सह मिलन समारोह में सांसद कालीचरण मुंडा हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के सुरसी नदी पुलिया में सोमवार को सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा के नेतृत्व में कांग्रेस कमिटी कुचाई के द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि खुंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा शामिल हुए। मौके पर वनभोज सह मिलन समारोह में उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सांसद कालीचरण मुंडा ने संबोधित करते हुए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सभी जानता का सेवा करना मेरा कर्तव्य है। आप हमेशा हमशे सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में आपसी तालमेल का घोर अभाव है। यही कारण है कि हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इस पर मंथन करने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद कालीचरण मुंडा सांसद प्रतिनिधि राज बकची, छोटराय किस्कू, सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा, कोंदो कुंभकार, सकारी दंगों, पूर्व जिला परिषद एमलेन नाग, मुखिया मंगल सिंह मुंडा, मुखिया राम सोय, वरिष्ठ कांग्रेसी महेंद्र लाल सोय, प्रखंड सचिव मुन्ना सोय, पूर्व मुखिया महेश्वर उरांव, होपना हेंब्रम, मधु मुंडा, स्टीफन मुंडा, जगबंधु महतो, सुमित महतो, माधव महतो, शंकर बांकिरा, विकास बांकिरा, बागुन मुंडा, शंकर लोवादा, दुबराज महतो आदि उपस्थित थे।



## रंगारंग कार्यक्रम के बीच मीडिया कप क्रिकेट 2025 का शानदार आगाज

- **हुडको और दलमा ने की जीत से शुरुआत**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में सोमवार को शुरू हुए मीडिया कप क्रिकेट 2025 में हुडको एकादश और दलमा एकादश ने जीत से शुरुआत की। कीनन स्टेडियम में खेले गए मैच में हुडको एकादश ने सुवर्णरेखा एकादश को दस विकेट से हराया।सुवर्णरेखा एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में चार विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। रणधीर ने 28 गेंदों पर 38 रन, आनंद कुमार ने 28 गेंदो पर 28 रन जोड़े। शुभदर्शी को दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हुडको एकादश ने बिना कोई विकेट खोए 11 ओवर में 138 रन बनाकर मैच जीत लिया। शुभदर्शी ने 31 गेंदो पर 62 रन और आशुतोष ने 33 गेंदो पर 61 रन बनाए। शुभदर्शी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।दूसरे मैच में दलमा एकादश ने खरकई एकादश को 19 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दलमा एकादश ने प्रसेनजीत के 33 गेंदो पर लगाए गए 51 रन और मधुसूदन के 14 गेंदों पर ताबडतोड़ 31 रनों की बदौलत 15 ओवर में पांच विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। खरकई एकादश की ओर से मो वसीम ने 33 गेंदो पर 53 रन और कप्तान मो अकबर ने 24 गेंदो पर 23 रन जोड़े। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह में उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, टाटा स्टील यूएसआईएल के एमडी रितुराज सिन्हा, कारपोरेट कम्युनिकेशन के चीफ सर्वेश कुमार और हेड राजेश राजन, समाजसेवी शेखर डे के अलावा इंटरनेशनल क्रिकेटर सौरभ तिवारी भी मौजूद थे। बाद में विधायक संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास समेत कई नेता पहुंचे।




## लावजोड़ा पीएचसी में दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित, 30 लोगों ने जमा किए फॉर्म

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न गांवों से आए कुल 30 लोगों ने शिविर में आवेदन जमा किए। प्राप्त आवेदनों में हड्डी रोग के 11, कान - नाक रोग के 6, मनोरोग के 5 और नेत्र रोग के 8 शामिल हैं। शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे बोड़ाम सीओ रंजीत रंजन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांग जनों की जांच करते हुए आवेदन जमा करवाया गया। जिला स्तर पर आवेदनों का सत्यापन होने के बाद दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। शिविर में सीओ रंजीत रंजन, पटमदा सीएचसी प्रभारी डॉ. क्रिस्टोफर बेसरा, पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार, बीपीएम मनोरंजन कुमार, सीएचओ पुनीता सोरेन, डॉ. सुचित्रा कुमारी, डॉ. प्रीति पाण्डे, डॉ. तापस मुर्मू, डॉ. महेश हेंब्रम, डॉ. स्मिता हेंब्रम, भारद्वाज पात्री, ललिता एक्का, टेक्नीशियन पंकज कुमार, सोमेन महतो समेत कई स्वास्थ्य कर्मी, स्वास्थ्य सहिया और ग्रामीण उपस्थित थे।



# जमीन के ऑनलाइन संशोधन में पैसे के लेनदेन का आरोप, जेएलकेएम ने की बंद कराने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पटमदा के अंचलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार दास से मिला। जेएलकेएम के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के के नेतृत्व में पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मुद्दों के समाधान हेतु चर्चा की। इस संबंध में जिला प्रवक्ता सुब्रतो महतो ने बताया कि ओड़िया एवं बनकुंचिया पंचायत में कई पत्थर खदानें हैं, जिसमें प्रदूषण समेत अन्य समस्याएं होने से आमलोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, उसके समाधान करने की मांग की गई। इसके अलावा अंचल कार्यालय में जमीन के ऑनलाइन संशोधन कार्य में पैसे के लेन-देन का आरोप लगाते हुए उसपर रोक लगाने की मांग की गई एवं कांकीडीह महुलतल से दांदुडीह तक लगभग 15 किमी सड़क पर दिन में भारी वाहनों के परिचालन की वजह से मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों के आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत दिलाने की मांग की गई। मौके पर पटमदा जिला प्रवक्ता फनी महतो, प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रताप महतो, मृत्युंजय महतो, श्याम सुन्दर महतो, दया सागर महतो, सागर महतो, निर्मल महतो, अंकुर महतो, अजय महतो, विक्रम टुडू, शिव शंकर महतो, सनातन कोड़ा एवं आदि मौजूद थे।



## जिला योजना चयन समिति की बैठक में 15वें वित्त आयोग, समेत की योजनाओं की दी गई सहमति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति में वित्तीय वर्ष 2025-26 के 15वें वित्त आयोग, पथ परिवहन एवं नागरिक सुविधा की योजनाओ के प्रस्तावित योजनाओं से संबंधित जिला योजना चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त के अलावा जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय, उप विकास आयुक्त सह एडीएम लॉ एण्ड ऑडर अनिकेत सचान, अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद, जेएनएसी उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार, टाटा स्टील के प्रतिनिधि तथा विधायक प्रतिनिधि मौजुद थे।उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जमशेदपुर अंतर्गत शहरी निकाय क्षेत्र में 15वें वित्त अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, स्वच्छता से संबंधित 50 सीएनजी वाहन, 4000 डस्टबिन, 2 लाख ई बॉल वाटर ट्रिटमेंट, 4 हजार लीटर फोगिंग मशीन हेतु प्रयुक्त केमिकल, आदि से संबंधित लगभग 16 योजनाओं की सहमति दी गई। इसके अलावे सड़क व्यवस्था मद से पेवर्स ब्लॉक, सड़क निर्माण, गार्ड वाल आदि से संबंधित लगभग 129 तथा नागरिक सुविधा मद से सेटलिंग पॉन्ड, कंपाउंड वाल, डीप बोरिंग, पानी टंकी, चपाकल, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, पार्क निर्माण, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट आदि से संबंधित लगभग 444 योजनाओं की स्वीकृति दी गई।इसके अलावे बैठक में डीएम लाईब्रेरी साकची के निर्मित भवन के संचालन हेतु संचालक का चयन तथा लाईब्रेरी हेतु आवश्यक संसाधन, मैनपावर संचालन नियामावली तैयार करते हुए बजट में प्रावधान करने का निदेश दिया गया। कदमा में निर्मित कन्वेशनल सेंटर का अधुरा कार्य पुरा कर हैंडओवर लेने तथा संचालन, प्रबंधन, नियामावली तैयार करते हुए उपयोग करने का निदेश दिया गया। इसके अलावे शहरी निकाय क्षेत्र में सार्वजनिक हित के लिए निर्मित पार्कों, सामुदायिक भवनों, अन्य संसाधनों आदि की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए सभी का सर्वे कराकर संचालकों से निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने तथा राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निदेश दिया गया। कंपनी क्षेत्र में तथा प्रमुख स्थानों में प्रदुषण का स्तर मापने हेतु वायु गुणवता इंडेक्स प्रदर्शित करने वाले डिस्प्ले युनिट अधिष्ठापित करने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई।



संपादकीय

## भगदड़ से शमशान घाट बन गया दिल्ली रेलवे स्टेशन

भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई। महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई। देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं जिसका ताजा घटनाक्रम 15 फ़रवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे। रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुम्भ में भगदड़ के कारण जिन्दा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुम्भ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों महिलाएं ,बच्चे व बुर्जुग पैरों तले कुचल दिए गए , लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे।मगर उनके अपने मौत की नीद सो चुके थे।चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मंआवजा दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारो द्वारा जो पैसा मुआवजे के रुप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकडों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फ़रवरी 1954 को कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी। 1986 में भी कुम्भ में में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे।2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुम्भ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी।नवंबर 2006 में उडीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनो घायल हुए थे।झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मोत हुई थी।3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेरू के प्रसिध्द शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रध्दालूओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नंवबर 2012 में बिहार में छठ पुजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टुटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रध्दालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है।प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड गया।ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जातें है। छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खातें हैं। केन्द्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियो के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरो में हर वर्ष करोडो रूपया चढावा चढता है मगर श्रध्दालूओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियो को भी इन हादसो से सीख लेनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसो को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रध्दालूओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल व रेलवे स्टेशन शमशानघाट बनते रहेगें।

# आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे

ललित गर्ग

**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है।**

आयकर के नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।

आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से



कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए।

देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा।

जयन्ती विशेष

# भारत के एक महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातों को सामान्य लोगों के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभूति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता है। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हें कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये।

रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था।

तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधि थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षों से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी।

1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होंने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नहीं थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है।

रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरू मान लेते थे।

इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये।

रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चौबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। विभिन्न धर्मों के माध्यम से रामकृष्ण के रहस्यमय अनुभवों ने उन्हें यह सिखाने के लिए प्रेरित किया कि विभिन्न धर्म पूर्ण ज्ञान और आनंद तक पहुँचने के अलग-अलग साधन हैं और विभिन्न धर्म पूर्ण सत्य की समग्रता को व्यक्त नहीं कर सकते हैं लेकिन इसके पहलुओं को व्यक्त कर सकते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम् शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।

विचार मंथन

# अमेरिका और भारत की न्यायपालिका ?

अमेरिका की अदालतें सरकार के मनमाने निर्णय पर रोक लगा रही हैं। अमेरिका की अदालत को देखकर भारतीय न्यायपालिका की कलई खुलती चली जा रही है। भारत में सरकार की तानाशाही की चक्की में सब पिस रहे हैं। भारतीय न्यायपालिका ने एक तरह से सरकार के सामने समर्पण कर दिया है। अमेरिका के संवैधानिक संस्थान सरकार के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं। अमेरिका की जुडिशरी ओर वहां के जज सरकार के गलत फैसलों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। एलन मस्क और ट्रंप की तानाशाही का असर वहां की न्यायपालिका पर नहीं पड़ रहा है। अमेरिका की न्यायपालिका जरा भी भयभीत नहीं है। अमेरिकी संविधान के अनुसार वहाँ की न्यायपालिका अपने निर्णय पूरी स्वतंत्रता के साथ ले रही है। जिसके कारण न्यायपालिका और सरकार के बीच टकराव देखने को मिल रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप की नई सरकार के छह निर्णय जो एग्जीक्यूटिव ऑर्डर थे। अमेरिका के जजों ने पलट दिए हैं। इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, एलन मस्क और उपराष्ट्रपति जेड़ वेंस नाराज हो गए हैं। बेंस ने कह दिया न्यायपालिका अपनी हद पार कर गई है। वह ट्वीट करते हैं, जजों को एग्जीक्यूटिव की कानूनी शक्तियों को रोकने की इजाजत नहीं दी जाएगी।एलन मस्क ने भी ट्वीट किया। एक जज को पूरी जिंदगी जज बने रहने का विचार एक बकवास है। जजों को उठा के अटलांटिक में फेंक दो। अमेरिका की न्यायालयों ने ट्रंप सरकार के 6 फैसले पलट दिए हैं, या फैसलों पर रोक लगा दी है। बर्थ राइट सिटीजनशिप के निर्णय पर सीटल के एक जज ने रोक लगा दी। उससे पहले मैरीलैंड के एक जज ने इसी फैसले के ऊपर रोक लगा दी। तीसरे जज ने भी इस निर्णय पर रोक लगा दी। तीन जजों ने इस निर्णय को रोक दिया है। ट्रंप सरकार का दूसरा निर्णय सरकारी कर्मचारियों को बाहर निकालने का था।20 लाख सरकारी कर्मचारियों को 6 फरवरी की डेडलाइन दी गई थी। 65000 लोगों ने इसको स्वीकार किया। नौकरी से निकलने के निर्णय के खिलाफ कर्मचारी यूनियंस कोर्ट मे चले गए। कोर्ट के फेडरल जज ने सरकार के इस निर्णय पर रोक लगा दी। तीसरा निर्णय यूएस एड को खत्म करने का फैसला था।1960 के दशक में यूएस द्वारा मदद शुरू की गई थी। कई देशों में 100 से ज्यादा यूएस एड के तहत प्रोग्राम चलते हैं।वहां पर भी हजारों कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया। यह एलन मस्क का फैसला था। इस निर्णय को कोर्ट के अंदर चैलेंज किया गया।उसके बाद जज साहब ने इस निर्णय पर पूरी तरह से रोक लगा दी। एक फेडरल जज ने जिन लोगों को सरकार ने जबरिया छुट्टी पर भेजना और उसकी रिपोर्ट करने का ऑर्डर दिया था। उस निर्णय पर भी एक संघीय जज ने रोक लगा दी। चौथा फैसला फेडरल हेल्प फेडरल ग्रांट्स का था। इसमें एनजीओ होते हैं। नॉन गवर्नमेंटल ऑर्गेनाइजेशन होती हैं। रिसर्च, कैलेमिटी के लिए हेल्प की जाती है। ट्रंप सरकार के इस निर्णय पर भी 28 जनवरी को जज लॉरेन अली खान ने रोक लगा दी। पांचवा मामला ट्रांसजेंडर का था। 5 फरवरी को वाशिंगटन डीसी के फेडरल जज रॉय सी लैमर्ट ने रोक लगा दी। छठवां मामला ट्रेजरी से संबंधित था। एलन मस्क ट्रेजरी की सारी इंफॉर्मेशन चाहते थे। इस विवाद में ट्रंप प्रशासन फंस गया।ट्रेजरी की गोपनीय जानकारी दिए जाने के निर्णय पर कोर्ट ने रोक लगा दी। फेडरल जज ने अपने निर्णय में कहा मस्क गोपनीय जानकारी हासिल नहीं कर सकते हैं, यह उनके अधिकार में नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ लिए हुए अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ है। जिस मनमाने तरीके से वह आदेश जारी कर रहे हैं। अमेरिका की फेडरल कोर्ट में सरकार के निर्णायों को चुनौती दी जा रही है। वहां की अदालतें संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए बिना डर - भय अथवा प्रलोभन के फैसला देने में जरा भी देर नहीं करती हैं। 2014 के बाद भारतीय न्यायपालिका एक तरह से सरकार के साथ सहयोग करके निर्णय करने लगी है। भारत में सरकार की अनुकूलता के हिसाब से मामलों की सुनवाई होती है। वही स्थिति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी न्यायपालिका की बनाना चाहते हैं। अमेरिका की न्यायपालिका पूरी तरह से स्वतंत्र है। वह सरकार के किसी भी दबाव में नहीं आ रही है। जिसके कारण अमेरिका में सरकार, न्यायपालिका पर दबाव बनाने के लिए वह हर-हथकंडा अपना रही है, जो अपना सकती है। अभी जो निर्णय न्यायपालिका के सामने आए हैं। उसको देखकर ऐसा नहीं लगता है, अमेरिका की न्यायपालिका सरकार की दबाव में आएगी। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनके मंत्री एलन मस्क जिस मनमाने ढंग से संविधान और लोकतंत्र की अवहेलना करते हुए निर्णय ले रहे हैं। अमेरिका की न्याय पालिका के फेडरल जज जिस मुखरता के साथ निर्णय ले रहे हैं। उसकी अमेरिका के नागरिकों तथा दुनया के अन्य देशों न्यायपालिका पर विश्वास बढ़ा है। इसकी बड़ी सुखद प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। भारतीय न्यायपालिका को भी अपनी जिम्मेदारी समझना होगी।

राजनीतिक चर्चा

# दिल्ली का नया मुख्य मंत्री कौन होगा ?

देश की राजधानी दिल्ली में इन दिनों बंसत की बहती ब्यार के संग सता के सिंघासन पर कौन,दिल्ली का नया मुख्य मंत्री कौन होगा,इस पर चर्चा,चिन्तन व चिंताए दिखने लगी है। जैसा कि आप को मालुम है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव सम्पन्न व परिणाम भी हफ्ते बीत गए है। दिल्ली की जनता अपने नए मुख्य मंत्री का स्वागत करने का तत्पर है। लेकिन 48 सीट पर विजयश्री का सेहरा पहनें के बाद भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली की जनता को उनका मुख्य मंत्री देने में लाचार दिख रही है।8 फरवरी को दिल्ली विधान सभा के नतीजे आए।हालाँकि मुख्य मंत्री के नाम का ऐलान कभी भी हो जाएगा।नए सीएम के नाम की घोषणा में देरी की वजह प्रधानमंत्री मोदी का देश से बाहर होना था।ये बातें हम सब जानते हैं। सीएम पद के दावेदारों के रूप में कई नाम पर कयास लगाये जा रहे है।रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली के नए मुख्यहो सकते हैं।श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के स्टूडेंट रहे विजेंद्र गुप्ता धीर गंभीर इंसान हैं। दिल्ली के मसलों को खूब जानते हैं।तीन बार नगर निगम पार्षद और चौथी बार विधायक बने हैं।वही जनकपुरी से विधायक आशीष सूद के नाम की भी चर्चा है।डेसू के अध्यक्ष रहे हैं।

कुछ लोगों के अनुसार प्रवेश वर्मा सी एम बनाए जायेंग या उन्हें कैबिनेट में शामिल किए जा सकते हैं। दिल्ली की कैबिनेट में राजौरी के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा को भी लिया जा सकता है। जंगपुरा से विधायक मारवाह या गांधी नगर वाले लवली के कैबिनेट में जगह बनाने की उम्मीद कम है।इसके पीछे उनका मूलतः कांग्रेसी होना है। जीके से विधायिका शिखा राय को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। वो भी पंजाबी हैं।कैलाश गहलोत को नई कैबिनेट में कोई खास विभाग मिलना निश्चित है।वो केजरीवाल सरकार में ट्रांसपोर्ट मंत्री थे। समझदार नेता हैं।जाट समाज से आते हैं।अगर मुस्तफाबाद से विधायक बने मोहन सिंह बिष्ट को विधान सभा का स्पीकर बनाया जा सकता है।वो भी लगातार विधायक बन रहे हैं। खैर ! वही राजनीति के पांडितयों के मध्य इन दोनों अरविन्द केजरीवाल व उनकी पार्टी आप की हार पर गहन अध्ययन व विवेचन किया जा रहा है। मै आप को बता दूँ कि भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अन्ना हजारे के आन्दोलन का अबलम्बन ले कर जिस तरह आम आदमी के आशा व उम्मींद की नई किरण के साथ अरविन्द केजरीवाल ना केवल आया बल्कि अपने पार्टी का भी आम आदमी पार्टी रखा। जिस पर दिल्ली की भोली जनता ने दिल्ली सरकार के सता ना केवल तीन बारे के शीला दीक्षित को बाहर निकाल फेक कर अरविन्द केजरीवाल की सता पर आसीन किया। केजरीवाल के तीन बार मुख्यमंत्री बने रहें। भाग्य की विडम्बना देखिए जिस भष्ट्राचार , अपराध मुक्त विरोध में बुलन्द आवाज झण्डा चलते है।अंत स्वयं वे व उनकी आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता जेल चले गए,बाद में जेल से जमानत पर है।जहाँ तक इस बार दिल्ली विधान सभा का प्रशन है।तो मै स्पष्ट कर दूँ कि कुछ महीने पुर्व से ही केजरीवाल व उनकी पार्टी के खिलाफ माहौल चल रहा था।चुनाव आते आते 'कट्टर ईमानदार' केजरीवाल के कल तक जो कट्टर समर्थक थे और इसके जबरदस्त विरोधी हो गये थे।ठीक वैसे ही जैसे पाँच वर्ष पूर्व पहले से ही दबी जुबान में भी डंका केजरीवाल का ही बोल रहा था।दिल्ली की जनता जर्नादन का संदेश साफ साफ था कि केजरीवाल जी तुम्हारी' गुमराहगीरी अब नहीं चलेगी।तुम अपने झूठ के सहारे एक बार नही बल्कि दो दो बार सता पा सकते हैं लेकिन बार बार नहीं,दिल्ली की जनता अब समझ चुकी थी कि अरविन्द केजरीवाल अपने विरोधी भाजपा व कॉंग्रेस पर जो आरोपों के सहारे तस्वीर बना रहे हैं।उनसे उनकी व आप की हार की लहर इन तस्वीरों में झलक रही थी।अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी की हार पर निश्चित तौर पर भाजपाई में खुशी है कि भारतीय राजनीति में केजरीवाल की मौकापरस्त व उनकी मूल्यविहीन राजनीति की हार है। उनका कहना है कि जिस अन्ना आंदोलन से लेकर अरविंद केजरीवाल ने अपना राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। सर्वविदित रहे कि अन्ना आंदोलन में सबसे पहले मंच पर भारत माता की बड़ी तस्वीर लगाई गई थी।लेकिन केजरीवाल और कंपनी ने जब देखा कि उससे इतना ज्यादा आकर्षण नहीं आ रहा है तो तुरंत उन्होंने अन्ना हजारे के पीछे महात्मा गांधी का बड़ा चित्र लगा दिया।परिणान स्वरूप अरविंद केजरीवाल रातों-रात त्याग तपस्या की मूर्ति व ईमानदारी का चोला ओढ़कर सबसे बड़े गाँधीवादी बन गए।कई बार उन्होंने राजघाट पर बापू की समाधि पर मौन व्रत और शांतिपूर्ण धरना भी दिया।लेकिन पहला मौका पाते ही उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यालय और फिर पंजाब में बनी सरकार के मुख्यमंत्री के कार्यालय से भी महात्मा धी की तस्वीर गायब कर दी।केजरीवाल की मौका परस्ती का यह बहुत बड़ा उदाहरण है। यहाँ पर मै स्पष्ट कर दूँ कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ(आरएसएस) हमेशा से गाँधी की विचारधारा का विरोधी रहा है लेकिन आरएसएस की पार्टी भाजपा के नेताओं ने भी कभी महात्मा गांधी की तस्वीर हटाने की हिम्मत नहीं की।जहाँ तक दिल्ली के मुसलमान के प्रशन है,तो दिल्ली के मुस्लीम मतदाताओं ने तीन चुनाव से आम आदमी पार्टी को वोट दे रहा है लेकिन शाहीनबाग में महिलाओं के धरने प्रदर्शन में मुख्यमंत्री केजरीवाल या उनका कोई व्यक्ति नहीं गया।दिल्ली के दंगों में उनकी भूमिका मुस्लिम विरोधी रही।सी ए ए(CAA)व एन आर सी(NRC)के मुद्दे पर वे खामोश रहे।भारत के इतिहास में जब पहली बार कश्मीर के रूप में किसी राज्य का पूर्ण राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया तो केजरीवाल ने सबसे पहले उसका स्वागत किया। और राजनीति में सत्यता और ईमानदारी की बात करने वाले केजरीवाल अंततः शराब घोटाले में फंस गए।मैं नहीं जानता कि वाकई यह घोटाला हुआ या नहीं, इसमें केजरीवाल या उनके लोगों ने पैसा खाया या नहीं,लेकिन इतना तो सब लोग जानते हैं कि उन्होंने दिल्ली के घर-घर में शराब आसानी से उपलब्ध कराने की नीति बनाई थी। कम से कम यह नीति उस नैतिकता के बिल्कुल उलट है,जिसका स्वांग केजरीवाल भरा करते थे। उनके आलीशान सरकारी बंगले की नुमाइश भी उनके सादगी के अभिनय पर भारी पड़ी।जब इन सब बातों को एक साथ मिलकर देखते हैं तो सोचना पड़ता है कि अगरभाजपा की जगह केजरीवाल जीत जाते तो आखिर भारत के संवैधानिक धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कोई फायदा होने वाला तो नहीं था।

# सिंघम सीओ गौरव कुमार का जलवा शुरू, खाता 2 प्लॉट 76/77 में नोटिस जारी

➲ मौजा बकचौमा के खाता 2 प्लॉट76/77 रकबा 52 एकड़ खाली करें : सीओ गौरव कुमार
➲ मौजा सबानों के खाता 80 प्लॉट 959 रकबा 5.95 एकड़ खाली कर लगाया गया बोर्ड : सिंघम सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अंचल के विभिन्न मौजाओ में सिंघम सीओ गौरव कुमार राय का जलवा शुरू हो गया है। सिंघम सीओ गौरव कुमार राय ने सिमरिया अंचल के मौजा सबानों के फतहा गांव में खाता नंबर 80 प्लॉट नंबर 959 रकबा 5 एकड़ 95 डिसमिल जंगल झाड़ी दर्ज भूमि को कब्जा कारियों से मुक्त कर खाली करवाया गया है। जहां अंचल का सरकारी बोर्ड भी लगवाया गया है। वहीं मौजा बकचौमा के खाता 2 प्लॉट 76/77 में लगभग 52 एकड़ भूमि को बहुत जल्द हीं खाली करवाया जाएगा। उक्त खाता प्लॉट पर सिंघम सीओ गौरव कुमार राय ने जेसीबी लेकर पहुंच गए जहां बने मकानों को धाराशाही करने के उद्देश्य से परंतु अवैध रूप से बनाए मकान मालिकों के आग्रह पर एक बार पुनः अविलंब उक्त खाता प्लॉट पर बने मकान को तोड़ने के निर्देश पर दो दिन के लिए मोहलत दी गई है। इधर उक्त खाता प्लॉट पर कब्जा करने को लेकर अंचलाधिकारी गौरव कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि खाता 2 प्लॉट 76/77 गैरमजूरुआ भूमि को जितने लोग कब्जा कर घर मकान बनाए हैं वे अविलंब खुद से तोड़ दें अन्यथा दो दिन के बाद प्रशासन खुद जेसीबी लगा कर तोड़ने पर बाध्य होंगे। जिसका जिम्मेवार और खर्च उक्त लोगों को देना होगा। आपको बता दें कि सिंघम सीओ गौरव कुमार राय के इस तरह कारनामे से जहां एक तबके बहुत खुश हैं और शाबाशी दे रहें हैं वहीं दूसरे तबके के लोग नाखुश और तबादला कराने की फिराक में जुटे हुए हैं। अब आगे देखना यह है कि उक्त मौजा के उक्त खाता प्लॉट पर प्रशासन कब्जा कर पाते है या केवल टांय टांय फीस होगा। या उक्त लोगों के दबाव के सामने प्रशासन घुटना टेकने पर मजबूर होंगे।चुकी उक्त भूमि पर उपकारा जेल और बस स्टैंड बनवाने का जाबांज आईएएस सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज का नजरिया साफ है। मौके पर सीआई रामचंद्र प्रसाद, कर्मचारी अमरलाल, अरुण हेंब्रम, अमीन शिवनाथ राम, रविन्द्र कुमार यादव, लीलाधर महतो के अलावे अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## जेएमएम के पंचायत स्तरीय पुनर्गठन मनोज चंद्रा की उपस्थिति में की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के जीर्वाखुर्द पंचायत में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी के पंचायत स्तरीय पुर्नगठन किया गया। यह पुनर्गठन सिमरिया विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी सह केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा मौजूद थे। बैठक में पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल भुइंया, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार दास, सचिव राकेश रजक, सह सचिव रामधन उरांव, कोषाध्यक्ष विकास कुमार साहू, संगठन सचिव सुरेन्द्र साहू के अलावे प्रदीप कुमार यादव, रंजय कुमार, गणेश राम, मनोज यादव, कमल राणा, जितेंद्र कुमार तुरी, राजू गंझू, मिठू गंझू, राजेश यादव को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। वहीं जे एमएम का जिला स्तरीय सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में पुनर्गठन किया जा रहा है। मौके पर आलोक रंजन, सलीम अख्तर के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक कार्टून एक्सपायरी दवा फेंका हुआ मिला



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के रामनवमी मेला टांड़ स्थित स्थाई पौध शाला के समीप एक कार्टून एक्सपायरी दवा फेंका गया है। यह दवा किसने कब और क्यों फेंका इसकी जानकारी अबतक नहीं है। यहां एक ओर सरकार लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रही है।इसे लेकर निशुल्क दवा, एंबुलेंस, मुफ्त इलाज का प्रावधान है। इसके बावजूद इतनी बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवा फेंका जाना सवालिया निशान उठता है। हालांकि दवा सरकारी है या निजी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामलें की जांच होने पर स्थिति स्पष्ट होगी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जयसवाल ने बताया कि यह दवा विभाग का नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र तथा उक्त केंद्र में दवा एक्सपायरी होने के बाद जिला को वापस कर दिया जाता है।

# पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को ओडीएफ प्लस के तहत आगे की कार्ययोजना तैयार करने और लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-II की प्रगति, ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, 5 स्टार श्रेणी में गांवों को ODF Plus घोषित करने हेतु योजना निर्माण पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पेयजल स्रोतों, चापाकलों की स्थिति एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# देश आजादी से लेकर झारखंड आंदोलन तक मोमिन कांफ्रेंस ने निभाया है अहम भुमिका : प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली

➲ मोमिन कांफ्रेंस को और भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है : हाजी जैनुल आबेदीन
➲ अल्पसंख्यकों को अनदेखा कर अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी मार रही है झारखंड सरकार : नेसार अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिला मोमिन कांफ्रेंस का एक दिवसीय सम्मेलन मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन तथा युवा जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी के अगुवाई में अंसार नगर स्थित होटल रहमानिया में आयोजित की गई। सम्मेलन का संचालन जिला महासचिव असलम अंसारी ने किया। जहां मुख्य अतिथि मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव डॉ अनवर हुसैन अंसारी,युवा प्रदेश महासचिव शाहबाज अहमद,प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कमेटी के विस्तारित कमिटी के सभी पदाधिकारीगण को प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने प्रमाण पत्र सौंप कर अहम जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर मोमिन कॉन्फ्रेंस संगठन के प्रति समर्पित भाव से सभी को अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन को लेकर आह्वान करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ हाजी जैनुल आबेदीन को जिलाध्यक्ष तथा नेसार अंसारी को युवा जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा था उसे उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से निभाते हुए जिला कमेटी का विस्तार किया और एक मजबूत संगठन तैयार किया। उन्होंने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस कोई राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि एक सामाजिक संगठन है जो मोमिन समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करती है। मोमिन कॉन्फ्रेंस के सभी सदस्य एक परिवार की तरह है उन्होंने प्रमाण पत्र सौंपते हुए सभी से कहा कि सभी लोग अपने-अपने कार्य क्षेत्र से जुड़ जाएं और मोमिन कॉन्फ्रेंस को मजबूती प्रदान करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करें।सामाजिक बुराई को खत्म करने व राजनीतिक हिस्सेदारी में बढ़ चढ़कर भाग लेने पर जोर देते हुए कहा कि गांव-गांव तक मोमिन कांफ्रेंस का संदेश पहुंचाएं।वहीं युवा जिला अध्यक्ष नेसार अंसारी ने अपने सम्मान संबोधन में कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य चतरा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के इस आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में संकल्प लेकर जाएं कि हम मोमिन कॉन्फ्रेंस के उत्थान और मोमिनो के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को लेकर हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी एकजुटता और मजबूती के साथ कार्य करेंगे। कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है, बगैर शिक्षा के हम अपने समाज का उत्थान और विकास नहीं कर सकते।इस अवसर पर कार्यक्रम को जिले के बारहों प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष ने बारी बारी से अपनी बातें रखीं।

# बाबा बीर बुधु भगत की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला पड़हा लातेहार के द्वारा ग्राम खैरा जागीर के धूमकुड़िया में सोमवार को आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारी बाबा बीर बुधु भगत की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग, अगुवा एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा बीर बुधु भगत के आदर्शों पर चलने और जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने की प्रेरणा ली। श्रद्धांजलि स्वरूप उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पड़हा बेल चूरामन उरांव ने सभी ग्रामवासियों को बधाई देते हुए समाज के उत्थान और एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बाबा बीर बुधु भगत द्वारा दिखाए गए सतमार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आग्रह किया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे, जिनमें मोती उरांव (अध्यक्ष, सरना समिति बरैनी), विनोद उरांव, पहलू उरांव, रामलाल उरांव (जिला पड़हा प्रतिनिधि), उपेंद्र उरांव, प्रेमचंद उरांव, शुक्र उरांव, सुरेंद्र उरांव, धनलाल उरांव समेत कई आदिवासी समाज प्रेमी शामिल थे। यह आयोजन समाज की एकता और संस्कृति को बनाए रखने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।


# शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह का शानदार आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के सीआईएसई मान्यता प्राप्त शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का 18 वां वार्षिकोत्सव समारोह का शानदार आयोजन ने अभिभावकों मुख्य अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह के आयोजन में मुख्य अतिथि सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह, आईसीएसई प्रतिनिधि मुकेश कुमार की उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर डॉ पवन कुमार का हौसले का एक और कदम अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने को लेकर सुविधाओं से लैस नव निर्मित होस्टल का उद्घाटन विधायक रामचंद्र जिप सदस्य संतोषी कुमारी स्कूल मैनेजर सीमा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके बाद स्कूल के शिक्षिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं प्राइमरी से नवी कक्षा के छात्र छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति के विशेषताओं और हमारे ज़िन्दगी के लम्हों को जीने की राह दिखाते हुए नशापान से मुक्ति दिलाने को लेकर नाटक साथ ही नृत्य, गीत, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य प्रस्तुत कर महफ़िल में शमां बांध दिया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और उनका हौसला अफजाई किया। वहीं डायरेक्टर डॉ पवन कुमार ने कहा कि हमने आने वाले हर दिन का एक लक्ष्य रखा जिसे पुरा करने का जनून होता है। कहा कि स्कूल को इस उंचाई तक लाने में कितने परेशानियों का सामना करना पड़ा है राह में कितने ठोकरें मिली है अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि एक जन्म, आवासीय प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कितनी कठिनाई होती है तो एक स्कूल के लिए कई विभागों से प्रमाण पत्र प्राप्त करना कितना मुश्किल हो सकता है हालांकि उन्होंने इसका श्रेय सीआईएसई प्रतिनिधि मुकेश कुमार को दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल को हर सुविधाओं से लैस करने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का हमारा प्रयास हो रहा है।

## नेतरहाट में दरिंदगी: 10 वर्षीय मासूम की बेरहमी से हत्या, इलाके में दहशत



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित स्वास्थ्य केंद्र के पास से पुलिस ने एक मासूम बच्चे का शव बरामद किया है। मृत बच्चें की पहचान नेतरहाट निवासी 10 वर्षीय क्षितिज शर्मा पिता प्रभात शर्मा है। बच्चा रविवार की रात 8:00 बजे के बाद से ही लापता था। इस संबंध में मृतक बच्चे के स्वजनों ने बताया की रात में 8:00 बजे खाना खाने के बाद बच्चा सोने के लिए कमरे की तरफ चला गया। कुछ ही देर बाद बच्चे की मां जब कमरे में पहुंची तो वहां बच्चा मौजूद नहीं था। जिसके बाद घर के सभी सदस्य पूरी रात बच्चें को ढूंढते रहे। वही इसकी सूचना थाने को भी दी गई। काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने घर के पास स्थित स्वास्थ्य केंद्र के पास झाड़ियां में बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। वही हत्या इतनी बेरहमी से की गई है कि बच्चें के दोनों आंखें अज्ञात हत्यारों ने फोड़ दी है, बच्चों का हाथ एवं उंगलियां तोड़ दी गई है। हत्या इतनी क्रूरता से की गई है कि जब स्वजनों एवं ग्रामीणों ने बच्चे का शव देखा तो उनमें कोहराम मच गया। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। इस हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वही ग्रामीणों में दहशत के साथ-साथ आक्रोश का भी माहौल देखा जा रहा है। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नीलगाय बसाने की योजना से किसानों में चिंता, कृषि को होगा भारी नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** वन विभाग पलामू और गढ़वा जिलों से 1000 नीलगायों को ट्रेंकूलाइज (बेहोश कर) कर महुआडांड़ क्षेत्र में बसाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इस निर्णय से स्थानीय किसान गहरी चिंता में हैं, क्योंकि यह क्षेत्र धान और मकई की करोड़ों की खेती के लिए प्रसिद्ध है।नीलगायों की संख्या बढ़ने से फसल को भारी नुकसान होने की आशंका है। स्थानीय किसानों का कहना है कि पहले से ही जंगली जानवरों, खासकर हाथियों और बंदरों से उनकी फसलें प्रभावित होती रही हैं, और अब नीलगायों की बड़ी संख्या से हालात और बिगड़ सकते हैं।

**किसानों की चिंता**

महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक बताते हैं, कि प्रखंड भर में हामी,ओरसा, दुरूप, चैनपुर व अक्सी पंचायत में सबसे अधिक मकई व धान की खेती होती है जो कि लगभग जंगली इलाकों से घिरा है।वैसे में किसान पहले से ही जंगली जानवरों से तंग रहते हैं। इस स्थिति में यदि नीलगायों को यहाँ छोड़ा जाता है, तो हमारी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाएँगी। वन विभाग को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए।वहीं,दुरूप पंचायत, ओरसा पंचायत,अक्सी पंचायत, चैनपुर पंचायत के तौहीद अंसारी, मोजीबुल्लाह अंसारी, लतीफुल्लाह अंसारी, गणेश यादव, लोचन यादव, विनोद यादव, उदय यादव,रणवीर यादव, विनय यादव, मनराज मुंडा, बिगन मुंडा, सनूप कुमार, विनोद सिंह, पात्रिक मुंडा आदि किसानों का कहना है कि हमारे क्षेत्र में मकई की फसल काफ़ी अच्छी होती है।जो कि बंदर, जंगली सुवर जैसे जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाया जाता रहा है, जिसकी क्षतिपूर्ति भी वन विभाग द्वारा नहीं जाती है।किसी तरह पहरेदारी कर हम फसल तैयार करते हैं, जिसका उचित मूल्य नहीं मिलने पर भी किसी तरह परिवार का गुजर बसर करते हैं।ऐसे में हम पहले से ही वन्यजीवों से परेशानी झेल रहे हैं। यदि हजारों नीलगाय यहाँ छोड़ दी गई, तो खेती करना काफ़ी मुश्किल हो जाएगा। सरकार को किसानों के हित में फैसला लेना चाहिए।

**वन विभाग की योजना**

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नीलगायों की संख्या पलामू और गढ़वा में काफी बढ़ गई है, जिससे वहाँ के किसानों को नुकसान हो रहा है। इसलिए इन्हें महुआडांड़ के जंगलों में बसाने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वन विभाग को पहले इस क्षेत्र में मौजूद वन्यजीवों के प्रभाव का आकलन करना चाहिए और फिर किसी भी निर्णय पर पहुँचना चाहिए। यदि यह योजना लागू हुई, तो महुआडांड़ क्षेत्र के हजारों किसान संकट में आ सकते हैं।

# करमाही में वीर बुद्धु भगत जयंती व सरना झंडा बदली कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड अंतर्गत डाढा पंचायत के करमाही धर्म कड़ियां में राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान में वीर बुध भगत जयंती व सरना धर्म झंडा बदली कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अशोक उरांव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ वीर बुध भगत के चित्र पर माल्यार्पण व सरना झंडा बदली करके किया गया. इसके पश्चात अशोक उरांव ने सम्बोधित करते हुए वीर बुध भगत के जिवनी पर प्रकाश डाला .उनके जीवन के कई प्रेरक घटनाओं का जिक्र करते हुए समाज के लोगो को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आदर्श समाज के निर्माण की बात कही। इसके बाद कई वक्ताओं ने अपने विचार दिए. इस कार्यक्रम मे पूरे जिले भर से भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी भाई बहनों का जुटान हुआ. इस अवसर पर उरांव प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव जिला उपाध्यक्ष मुनिया उरांव ललीता उरांव सचू उरांव सुरेश उरांव कुलेश्वरी उरांव राजेंद्र उरांव पंकज उरांव मुनिया उरांव जिम्मेदार उरांव राजकुमारी उरांव चन्द्र देव उरांव झालो उरांव राजमनि उरांव बिनोद उरांव सुनिता उरांव सीतामनी उरांव सहित भारी संख्या में सरना प्रार्थना सभा समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## गढ़वाटांड़ आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति ठीक, ह्यपर थाली से अंडे गायब



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका गायब रहने बच्चों की उपस्थिति नहीं रहने, बच्चों को पोष्टिक आहार में अंडे नहीं मिलने की शिकायत लगातार आ रही है जिसे लेकर प्रखंड के प्रमुख उप प्रमुख के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी सिलसिले में सोमवार को प्रमुख सुशीला देवी उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल पंसस बरवाडीह प्रवीण कुमार और संगीता देवी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के गढ़वाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका संगीता देवी मौजूद नहीं थी । प्रमुख और उप प्रमुख ने बताया कि उक्त केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति समान्य थी पर बच्चों के थाली में अंडे नहीं दिखे जिससे उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि प्रखंड मुख्यालय में ये हाल है तो सुदूरवर्ती इलाकों में क्या होता होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में केन्द्र की सेविका को किसी का डर भय नहीं वहीं प्रखंड के पदाधिकारी व सुपरवाइजर की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है।उन्होंने बताया कि हर दिन कहीं न कहीं प्रखंड के मुख्यालय व सुदूरवर्ती इलाकों से शिकायतें मिल रही है और हम लोगों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को इसकी जानकारी भी दिया जा रहा है बावजूद इसके इनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के सेविकाओं का प्रखंड मुख्यालय पर महीने में कई बार बुलाया जाता है और सेविका सहायिकाओं के भरोसे केन्द्रों को छोड़कर मीटिंग में आते हैं। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को पत्राचार किया जाएगा साथ ही उन्होंने जिले की बैठक में मामले को गंभीरता पूर्वक उठाने की बात कही है।

# शोभा की वस्तु बन के रह गया चुरचू के बली मे बना जलमीनार, पानी के लिए त्राहिमाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक नल जल योजना की हालत चुरचू में कुछ ठीक नहीं है। एक ओर सरकार आम जन मानस को हर घर जल देने के बड़े वायदे कर रही है लेकिन जमीनीस्तर पर ये बिलकुल विपरीत नजर आती है। वही चुरचू प्रखंड के चुरचु पंचायत के बाली में बना 8000लीटर का जल मीनार बनने के बाद से ही शोभा की वस्तु मात्र बन कर रह गया है। तीन वर्ष पूर्व बन कर तैयार जल मीनार में ना किसी को जल मिल रहा है और ना ही कोई ग्रामीण को इससे किसी तरह से काम आ रहा है। चुरचू गाँव के बाली से जल सहिया शारदा देवी ने बताया कि आठ हजार लीटर का जलमीनार बने हुए तीन साल हो गया। जलमीनार बनने के बाद गांव के घरों में मात्र 10 से 15 दिन ही जल की आपूर्ति की गई उसके बाद अभी तक पानी नहीं मिल रही है वही बीते तीन वर्षो में कभी कोई अधिकारी पलट कर इस जल मीनार का हाल देखने भी नहीं आया ना पूछने



आये की ये योजना चल भी रहा है की नहीं । वहीं जल सहिया ने बताया कि संवेदक द्वारा काम में अनियमितता बरतते हुए काम को अंजाम दिया और वही विभाग द्वारा संवेदक को भुगतान भी कर दिया गया। इस नल जल योजना के अनुसार संवेदक को पांच वर्षों तक अपने देख रेख में जलापूर्ति करना था लेकिन संवेदक द्वारा ये सभी कार्य नहीं कर के जल सहिया द्वारा जानकारी दिया गया कि सभी कार्य का भुगतान कर दिया गया है और मेरे द्वारा किसी प्रकार का कोई भुगतान से संबंधित कोई जानकारी या हस्ताक्षर नहीं लिया गया है।वहीं एक अन्य ग्रामीण महिला ने बताया कि अभी ठंडा का मौसम ठीक से गया भी नहीं है और हमलोग का कुआं सुख चुका है हम तो ये सोच कर चिंतित है कि आगे गर्मी में हमलोग पीने के लिए पानी का व्यवस्था कैसे कर पाएंगे। महिला ने कहा कि सरकार की इस योजना से हम ग्रामीण कभी भी लाभान्वित नहीं हुए।इस संबंध में पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात करने पर उन्होंने अपने अपने बातों को रखा। कार्यपालक अभियंता का कहना है कि मुझे पदभार ग्रहण किए हुए मात्र तीन महीने हुए हैं और इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है इस विषय पर जांच कर आगे की जानकारी साझा की जाएगी। जबकि कनीय अभियंता के द्वारा कहा गया कि बीते दस महीने से मैं अपने पदभार पर हूं और इस प्रकार की कोई जानकारी मुझे नहीं मिली है। विभाग द्वारा संवेदक को भुगतान किस आधार पर किया गया है यह तो विभाग ही जाने लेकिन ग्रामीण सरकारी सुविधा से फिलहाल वंचित हैं। अब आगे गर्मी के मौसम में जल सकंट से ग्रामीण को क्या समस्या होती है और विभाग की लापरवाही का खामियाजा कैसे ग्रामीण भुगतने पर मजबूर होते हैं ये आने वाले समय में ही पता चल पाएगा।

# शहीद करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम अरदास में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद हुए शामिल

- **प्रदीप प्रसाद ने किया घोषणा हॉली क्रॉस मार्ग अब शहीद करमजीत सिंह मार्ग के नाम से और पगोड़ा चौक शहीद करमजीत सिंह चौक के नाम से जाना जाएगा**
- **शहीद करमजीत सिंह बक्शी का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम उनके परिवार के साथ पूरी तरह खड़े हैं और हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं : संजय सेठ**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा सभागार में शहीद करमजीत सिंह बक्शी की अंतिम अरदास का आयोजन किया गया, जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सिख समुदाय के लोग और शहीद के परिजन के साथ कई लोग उपस्थित थे। शहीद करमजीत सिंह बक्शी की वीरता और उनके बलिदान को सम्मानित करने के लिए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा की शहीद करमजीत सिंह बक्शी का बलिदान न केवल हमारे राज्य बल्कि हमारे देश के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी वीरता का कोई मोल नहीं हो सकता, और उनका शौर्य हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। मैं इस दुख की घड़ी में शहीद के परिवार के साथ हूं और उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर हूं।सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सिख समुदाय के आग्रह पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा की शहीद करमजीत सिंह बक्शी के योगदान को याद रखने और उनका सम्मान करने के लिए हमने एक



बड़ा कदम उठाया है। शहीद के निवास स्थान, जो कि जुलु पार्क हॉली क्रॉस रोड पर स्थित है, उसको अब %शाहिद करमजीत सिंह मार्ग% के नाम से जाना जाएगा। यह बदलाव जल्द ही एक से दो दिनों के अंदर किया जाएगा और बोर्ड वहां लगाया जाएगा।साथ ही, विधायक ने यह भी घोषणा की कि हजारीबाग के प्रमुख स्थल, पैगोडा चौक का नाम अब शाहिद करमजीत सिंह चौक% रखा जाएगा। इस नामकरण के लिए उन्होंने संबंधित मंत्री और सचिव से वार्ता की है और उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही यहां पर भी नया बोर्ड लगाया जाएगा।प्रदीप प्रसाद ने आगे कहा की हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम शहीद करमजीत सिंह जैसे वीर व्यक्तित्व को सम्मान दे पा रहे हैं। उनका योगदान हमेशा हमारे दिलों में रहेगा। इस आयोजन से यह संदेश गया कि शहीदों के सम्मान में कोई भी प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। राज्य और स्थानीय नेताओं ने अपने दृढ़ संकल्प और समर्पण से यह सुनिश्चित किया कि शहीदों के योगदान को हमेशा याद रखा जाए और आने वाली पीढ़ी उनके बलिदान से प्रेरणा प्राप्त करे।

# सोना–सोबरन योजना के तहत कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी वालों लूंगी का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सोनाङ्कसोबरन योजना के तहत 100 लाभुकों के बीच सोमवार को साड़ी, धोती का वितरण किया गया। इसकी शुरुआत बरही प्रखंड के अंतर्गत केदारूत पंचायत के देवचन्दा जनवितरणप्रणाली केंद्र से की गई, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोनाङ्कसोबरन साड़ी,धोती योजना काफी सराहनीय है। गरीब लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गरीब



ग्रामीण के लिए मात्र10 में साड़ी धोती उपलब्ध कराई जा रही है।ताकि उनकी आर्थिक मदद की जा सके, एवं उनकी स्थिति में सुधार लाया जा सके। मौके पर मौजूद पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह ने लोगों से कहा कि सरकार से मिलने वाली योजना का लाभ उठाएं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, सुरेश यादव, रमेश सिंह, अनिल राम, फूलमती देवी, मनोज राम, प्रदीप राम, जगदीश भुईयां सहित अन्य लाभुक व ग्रामीण उपस्थित थे।

# यशोदा देवी ने द ग्रिल एंड कैफे रेस्टोरेंट का किया उद्घघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ सात मील मोड़ में सोमवार को द ग्रिल एंड कैफे रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व मध्य जिप सदस्या यशोदा देवी ने द ग्रिल एंड कैफे रेस्टोरेंट का विधिवत फीता काटकर उद्घघाटन किया। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्या यशोदा देवी ने कहा कि आज से लोगो को द ग्रिल एंड कैफे रेस्टोरेंट में मशहूर लजीज व्यंजनों की पूरी रेंज उपलब्ध होगी। खाने के शौकीन लोग अब लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते है। प्रो.शिवम कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे रेस्टोरेंट में सबसे खास हैदराबादी मोती और मटन हांडी



लोगो के बीच सर्व किये जायेंगे। हमारे ग्राहकों को छह महीने तक विशेष सुविधा उपलब्ध जिसके तहत ग्राहकों को उनके बिल में स्पेशल 10त्न की छूट दी जायेगी। परिवार के साथ आने वाले ग्राहकों के लिए केबिन की सुविधा है।इस मौके पर काफी सँख्या में लोग उपस्थित थे।

# केरेडारी पुलिस ने कुआं से शव किया बरामद

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरेडारी थाना क्षेत्र के बसरिया गांव के लठियाबर स्थित रुदन महतो के कुआँ से केरेडारी पुलिस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम गांव निवासी मदन राम उम्र करीब 60 वर्ष पिता स्व0 शीतल राम के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद केरेडारी पुलिस ने शव को कूए से निकलकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग भेज दी है।



घटना के संदर्भ में केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नही थी। मृतक अपनी बहन बहनोई के रितल राम के घर आया था,जो पांच दिन पूर्व यहाँ से जा चुका था जब अपने घर बादम नही पहुँचा तब से परिजन काफी खोजबीन कर रहे थे। सोमवार को स्थानीय किसानों ने एक कुआं में इसका शव देख कर पुलिस को सूचना दी ।

# पुलिस ने बुढ़वा महादेव जंगल में फांसी के फंदे में झूलता अज्ञात लाश बरामद किया

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने महुदी पहाड़ स्थित चरका नदी जंगल के समीप पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ अज्ञात युवक का लाश बरामद किया है। उम्र लगभग 20 से 25 साल बताई जा रही है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है। मामले को लेकर अवर पुलिस निरीक्षक आशीष भगत ने बताया कि पहचान के लिए लाश को मुर्दा घर में 72 घंटे के लिए रखा गया है। अन्यथा 72 घंटा के पश्चात ,लाश को अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। मृतक युवक पीला टी-शर्ट एवं ब्लू जींस पहने हुए है। घटनास्थल



पर जूता बिखरा पड़ा है। बताते चले की जंगल में जानवर चरा रहे चरवाहों ने पेड़ से झूलता हुआ लाश देखा। जिसकी जानकारी चरवाहों ने स्थानीय ग्रामीणों को दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

# मिशन होस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क जननी स्वास्थ्य मेला का प्रथम दिवस हुआ संपन्न

- **सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया शिविर का शुभारंभ**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित महिलाओं के विशेष निशुल्क %जननी स्वास्थ्य मेला% का प्रथम दिवस दिन सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर




स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। जिसमें 873 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने प्रथम दिवस का शिविर का लाभ उठाया। शिविर में चिकित्सक डॉ जे के आर्य, डॉ एएन सिंह, डॉ पूजा बैरवा, डॉ फोरम कटारा, डॉ रणजीत, डॉ रिंकू यादव, डॉ मिताली सोरेन, डॉ प्रिंस कुमार एवं डॉ मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर मुख्य रूप से संत कोलम्बस छोटानागपुर आदिवासी ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित अमर सोरेन, कोषाध्यक्ष निपम खलखो, सीएनआई चर्च फादर दीपक अनिल जोजो, सीएनआई चर्च सदस्य एमानुएल खलखो, डेंटल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, स्टेटिक्स डॉ रंजीत कुमार, डॉ रिंकी यादव, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के प्रशासक पूजा उपाध्याय, कार्यलय एचआर मेघा सिंह, पीआरओ प्रिया केशरी, सहेली नस्कर, अंजू रानी, ??सचिन श्रीवास्तव, आशीष रॉय, पवन पासवान, मुस्कान मिश्रा, चंचला कुमारी, करण कुमार दास, नीलेश रक्षित, राम कुमत, सोनाली, पिंकू सीआर, राकेश कुमार, मंतोष तिवारी, सुनंदी, दीपक कुमार, सैफ, आशीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बस ने हाइवा में मारी टक्कर, 8 लोग घायल

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेवारा पेट्रोल पंप के नजदीक प्रयाग कुंभ से लौटते बस ने हाईवे के पीछे टक्कर मार दी। बस में सवार चालक सहित 8 लोग घायल हो गए, जिसे उपचार के




लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां उनकी प्राथमिक उपचार की गई। चिकित्सक ने इलाज के दौरान बताया कि सभी लोग सुरक्षित है। घायलों में 50 वर्षीय उर्मिला देवी, 50 वर्षीय कांति देवी, 55 वर्षीय मंजुला देवी, 50 वर्षीय जयंती देवी, 55 वर्षीय तुलसी पंडित, 55 वर्षीय भगवती देवी, 60 वर्षीय रुपमणी देवी, पश्चिमी बंगाल के राजनंदनी बस चालक 52 वर्षीय नरेश मौरी शामिल हैं। बस में सवार सभी कुंभ श्रद्धालु गोड्डा के रहने वाले है। घटना की जानकारी देते उक्त बस चालक ने बताया कि मेरी बस आगे हाइवा वाहन समानांतर दिशा में चल रही थी, इतने में हाइवा वाहन द्वारा एकाएक ब्रेक लगा दिया, जिससे अनियंत्रित होकर बस हाइवा से टकरा गई।

### इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी झारखंड चैप्टर के चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में आरोग्यम अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग एवं आईवीएफ स्पेशलिस्ट डॉ रंजना शरण की महत्वपूर्ण भागीदारी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरोग्यम अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रजनन विशेषज्ञ डॉ. रंजना सरण ने इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी (भारतीय प्रजनन सोसाइटी) झारखंड चैप्टर द्वारा आयोजित निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में भाग लिया और एक महत्वपूर्ण सत्र की सहभागी बनी। इस आयोजन में



उन्होंने आरोग्यम अस्पताल की उपलब्धियों, नवीनतम तकनीकों और प्रजनन उपचार के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों पर अपने विचार साझा किए। हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल जिले का पहला ऐसा अस्पताल है, जिसने आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) के माध्यम से 50 सफल मामलों का रिकॉर्ड कायम किया है। यह उपलब्धि उन दंपतियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है, जो संतान सुख की चाह में वर्षों से संघर्ष कर रहे थे,अस्पताल में उच्च स्तरीय आधुनिक प्रयोगशाला, विश्वस्तरीय तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के सहयोग से आईवीएफ प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूरा किया गया। हमारा उद्देश्य है कि अत्याधुनिक प्रजनन चिकित्सा सुविधाएं हर जरूरतमंद दंपति तक पहुंचे, ताकि वे बिना किसी बाधा के माता-पिता बनने का सपना साकार कर सकें। यह उपलब्धि हमारी समर्पित चिकित्सकीय टीम और आधुनिक तकनीकों के सफल संयोजन का परिणाम है। हम भविष्य में भी बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# यज्ञ की तैयारी में जुटे गोविन्दपुर के ग्रामीण, तारीखो की घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत रविवार को गोविंदपुर में शिवमंदिर परिसर में ग्रामीणों ने यज्ञ और प्राणप्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर बैठक की ।बैठक में शिवमंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ को सफल बनाने की विशेष चर्चा की गई।गहन चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए 2 अप्रैल को ध्वजारोहण,14 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ यज्ञ प्रारम्भ होगी जो 22 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगी। 2 अप्रैल से गाँव में मास मदिरा पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में यज्ञ समिति के अध्यक्ष



सोमर महतो, उपाध्यक्ष अंतु पंडित, सचिव तिलक साव, उपसचिव महेश महतो, कोषाध्यक्ष विजय साव, सोबरन महतो, हरेंद्र महतो, संगठन मंत्री तुलसी महतो, जितेंद्र भास्कर, सरयू साव के अलावा उमेश सिंह, तिलेश्वर साव, शंकर सिंह, सन्तोष सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अमृत साव, मुकेश महतो, प्रयाग महतो, नीलकंठ महतो, परमेश्वर सिंह, भीम रविदास, मोहन रजक, मूरत महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# महाकुंभ से आए श्रद्धालुओं का समाजसेवी ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो पंचायत के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रयागराज विंध्याचल अयोध्या बनारस मां भद्रकाली आदि स्थानों में सप्ताह दिन का भ्रमण कर सोमवार को सभी श्रद्धालुओं ने अपने गांव पहुंच गए ,जहां पर सभी समाज सेवी सह जनप्रतिनिधि ने फूल माला , पहनाकर उनका स्वागत किया। वहीं समाजसेवी संतोष कुमार संजय प्रसाद अजय प्रसाद ने सभी भक्तों को गाजे बाजे के साथ झरपो दुर्गा स्थान बुध बाजार से देवी मंडप होते हुए गांव का भ्रमण कर अपने



आवास पहुंचे। उन्होंने सभी देवी देवताओं को आराधना करते हुए घर में पूजा पाठ किया एवं सभी भक्तों ने सभी समाजसेवी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज हम लोग देव स्थान का भ्रमण कर अपने गांव लौट गया हूं । सभी भक्तों से हम लोग को आग्रह है कि सभी समाजसेवी अपने अपने माता-पिता का सेवा कर पूजा पाठ कर अपना पुण्य कमाए वही श्रद्धालुओं में झरपो के सरजू महतो ,जगन्नाथ महतो, दिनेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद ,प्रकाश महतो ,सुगीया देवी ,पार्वती देवी, सर्बिया देवी, आदि ने देव स्थान में शामिल होकर पुण्य का भाग्य बने।

# कटकमसांडी पंचायत भवन में डाक चौपाल का आयोजन

- **डाक चौपाल ग्रामीणों व सरकारी योजनाओं के बीच महत्वपूर्ण कड़ी : राजीव कश्यप**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी :** भारतीय डाकसेवा व जनसेवा के स्लोगन को चरितार्थ करने व सरकारी और नागरिक केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य को पूरा करने को लेकर सोमवार को कटकमसांडी पंचायत भवन में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप व विशिष्ट अतिथि मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय उपस्थित थे। इस मौके पर राजीव कश्यप ने बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य आवश्यक



सरकारी और नागरिक केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे लोगों का पहुंच और सुविधा में सुधार हो सके। बताया कि डाकघर में डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते है। बताया कि निवेशकों को डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम पर अधिक बोनस देता है। साथ ही जीरो से पांच वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन व आधार मोबाइल अपडेशन की सुविधा सभी ग्रामीण डाकघर में उपलब्ध है। सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दिए जाने वाली सहायता जैसे वृद्धापेंशन, विधवा पेंशन, गैस सब्सिडी, स्कॉलरशिप, आवास योजना आदि का लाभ डाकघर बचत खाता पर उपलब्ध है। डाकघर में 320 रुपये में पांच लाख, 549 रुपये में 10 लाख, 749 रुपये में 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा भी उपलब्ध है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। मौके पर डाक विभाग के रीतलाल साव, अमन राज, गायत्री देवी, फूलकुमारी, विकास कुमार, प्रेम कुमार, नकुल कुमार के अलावा दुर्जय प्रसाद, अजय प्रसाद, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता सहित आसपास के क्षेत्र के प्रबुद्ध ग्रामीण उपस्थित थे।

# बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन वितरण समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मासिक धर्म स्वच्छता के लिए सही ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराना एवं बालिकाओं के बीच मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में सोमवार को समाहरणालय सभागार में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बालिकाओं के बीच सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन का वितरण उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया, डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज



कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आप सभी बच्चियों के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन दिया जा रहा है। आप सभी इस मशीन का सदुपयोग अच्छे से व शत प्रतिशत इसका इस्तेमाल करेंगे। अब आप सभी बच्चियां साफ सुथरा सेनेटरी पैड का इस्तेमाल कर सकेंगे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा ने कहा कि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से उपायुक्त के निर्देशानुसार 11 सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का वितरण किया गया है। जिसमें पहले से ही सभी मशीनों में 100 सेनेटरी नैपकिन डाला हुआ है। सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन 10 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं एक अन्य बालिका आवासीय विद्यालय कटकमदाग में अधिष्ठापित किया गया है। कार्यक्रम में आवासीय विद्यालय के एक बच्ची ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, बालिकाओं व सभी वार्डन को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संबंध में शपथ दिलाई ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# कोयलांचल गिद्दी में जननायक का कर्पूरी ठाकुर की 101वीं पुण्यतिथि मनी, लोगों ने किया नमन, दी श्रद्धांजलि

## महापुरुषों के बताएं मार्ग पर चलकर भविष्य का निर्माण संभव : विजय





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** अरगड्डा क्षेत्र के पत्रकार चौक गिद्दी ए के समीप भारत रत्न जननायक का कर्पूरी ठाकुर की 101वीं पुण्यतिथि मनाई गई. अवसर पर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, विशिष्टे में आजसू के केंद्रीय सचिव गुड्डु यादव, राजद के राजनाथ यादव आदि उपस्थित हुए. सभी ने जननायक का कर्पूरी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दिया. मुख्य वक्ता आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहू ने कहां कि महापुरुषों के बलिदान त्याग और बताएं मार्ग पर चलकर राज्य व देश का भविष्य निर्माण हो सकता है. कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी पत्रकार चौक पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापित किया जाना ऐतिहासिक है. सीसीएल प्रबंधन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है. आगे सुंदरीकरण करने की भी बातें कहीं। मौके पर संजीत पटेल, जितेंद्र कुमार, राजेश सिंह, अजय कुमार, सोनू पासवान, विजय सिंह, धन्ना दत्ता, आनंद कुमार, चरण महली, दीपक झा, अजय कुमार, विक्की, ललित सहजारा, सियाराम सिंह, मोनू अग्रवाल, छोटू चौधरी समेत दर्जनों युवा समाजसेवी, ग्रामीण उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय नाई समाज समिति द्वारा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** कर्पूरी ठाकुर चौक नियर लेक रिजॉर्ट के समीप अखिल भारतीय नाई समाज समिति के तत्वाधान में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर एवं संचालन समिति के सचिव परमेश्वर कुमार ठाकुर के द्वारा की गई ! समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर ने कहा राष्ट्र के प्रति समर्पित जननायक कर्पूरी ठाकुर का योगदान पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है समाज के हर तब के लेकर चलना एवं राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में उनके द्वारा उठाए गए कदम आज भी लोग अनुसरण करते हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर दिखाए हुए पथ पर चलकर नाई समाज की भूमिका देश में अग्रणी कैसे कर सके इस ओर सोचना चाहिए ! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रामगढ़ जिला नाई समाज के सह सचिव ललन ठाकुर के उपाध्यक्ष आशीष ठाकुर श्यामलाल ठाकुर परमेश्वर ठाकुर तारकेश्वर ठाकुर राजीव कुमार सुनील ठाकुर संजय ठाकुर इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ में पतरातू बस्ती मुंडा टोला में सरना झंडा दर्शन हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ में पतरातू बस्ती मुंडा टोला में संगीता पहान के घर में सरना झंडा दर्शन हुआ था राजेश पहान के द्वारा तीन दिन का उपवास मिला था तीन दिन का उपवास पूरा हो जाने के कारण आज पहान के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया गया । मौके पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला अध्यक्ष शुक्रमुनि मुंडा, अनु मुंडा, किरण मंडा ,नरेश मुंडा सुखदेव उरांव, गोरी ,राजकुमार ,गुड्डु बंटी ,सुमित ,सावन धर्मेश, रंजीत सचिन ,भुनेश्वर , दशमी, सुनीता, पूनम चांदनी, सुलेखा, सलोन, जय, देवंती ,नंदिनी आदि कोई शामिल थेद्य

# प्रयागराज महाकुंभ के लिए 141 सनातनियों को रवाना किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** ग्राम पंचायत कटिया बस्ती पतरातु से तथा एकल अभियान पतरातू संच के सभी आचार्य परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ के लिए 141 सनातनियों भाजपा युवा नेता सह मुखिया किशोर कुमार महतो तथा एकल अभियान पतरातू संच के प्रमुख नागेश्वर महतो नेतृत्व में 2 बस से रवाना हुआ तथा मुखिया किशोर कुमार महतो ने भगवा अंग वस्त्र सभी सनातनियों को दिया तथा उन्होंने कहा कि इस यात्रा में सर्वप्रथम प्रयागराज महाकुंभ में स्नान, अयोध्या में भगवान श्री राम का दर्शन काशी विश्वनाथ और विंध्याचल में भ्रमण किया जाएगा यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व



की बात है कि हम सबों के समय में यह महाकुंभ देखने और पूरे परिवार के साथ शाही स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है यह महाकुंभ 144 वर्ष के बाद हो रहा है और जिस तरह से हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुविधा प्राप्त हो रहा है वह पूरे विश्व में काबिले तारीफ है यह सुविधा का ही देन है कि एक दिन में करोड़ों सनातनियों संगम में जाकर स्नान कर रहे हैं यहां तक की भारत देश के अलावा पूरे विश्व के अन्य देशों के लोग भी वहां पहुंच कर आस्था का डुबकी संगम स्थल (गंगा यमुना सरस्वती)पर लगा रहे हैं अब ऐसा लग रहा है कि भारत देश अखंड भारत तथा परम वैभव की ओर बढ़ रहा है इस पूरी यात्रा में सभी सनातनियों के लिए स्वस्थ किट का व्यवस्था किया गया है इस यात्रा में मुख्य रूप से मनीष कुमार महतो सुनील कुमार कमलनाथ महतो पारिजात कुमारी किरण कुमारी संगीता कुमारी रीता कुमारी संजय कुमार खुशबू सिंह कन्हैया प्रसाद मुस्कान सिंह कलावती देवी रामावतार चौधरी नितिन कुमारी पंकज कुमार महतो कविता कुमारी दिनेश कुमार ज्ञानी महतो अन्य सैकड़ो श्रद्धांजलि महाकुंभ स्नान के लिए प्रस्थान किया

# आपराधिक गिरोह से हैं परेशान, तो पुलिस करेगी आपका समाधान : एसडीपीओ पवन कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में पांडे गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह, अमन साहू गिरोह, के अलावा कई अन्य अपराधी भी सक्रिय हैं। कुछ तथाकथित नक्सली संगठन के नाम पर भी लेवी वसूल रहे हैं। पुलिस ऐसे गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्तर से करवाई तो कर रही है। लेकिन आम नागरिकों के सहयोग के बिना इन्हें जड़ से समाप्त करना असंभव है। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने एक नई मुहिम आपराधिक गैंग के खिलाफ शुरू की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति गैंग से परेशान है तो पुलिस उसका समाधान करेगी। उन्होंने एक अपील जारी करते हुए



कहा कि गैंग के सक्रिय सदस्यों के बारे में कोई भी गुप्त सूचना दे सकता है। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस के समक्ष नहीं आना चाहता है तो वह थाने के बाहर लगे शिकायत पेटी में भी पर्ची डाल सकता है। हर पर्ची पर पुलिस की कार्रवाई अवश्य होगी।पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि जिले में काम करने वाले ठेकेदार और व्यापारी निर्भीक होकर पुलिस से सहयोग लें। उन्होंने कहा कि गिरोह के लोग सबसे पहले उन्हें ही शिकार बनाते हैं। पुलिस की अपील है कि जैसे ही धमकी भरा फोन आता है, वे तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। पुलिस के सहयोग से ही उनकी गाढ़ी कमाई को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों को कैसे हैंडल करेगी, उसके लिए पूरी योजना तैयार है। ठेकेदारों और व्यापारियों को पूरी सुरक्षा देना पुलिस की जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी तभी पूरी होगी जब आम नागरिक भी पुलिस पर भरोसा करेंगे।

# सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति कों कार ने रौंदा, हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा बेंगामोड़ पर सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को एक कार ने रौंद दिया। इस हादसे में हुई व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार को रामगढ़ थाने का घेराव किया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग रखी, जिस पर पुलिस ने पहल करने का आश्वासन दिया। थाने का घेराव करने पहुंची मृतक जयराम मुंडा की पत्नी फूलों देवी के बयान पर रामगढ़ पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज की है।फूलों देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति जयराम मुंडा 9 फरवरी को गांव के ही एक व्यक्ति



शिवा मुंडा और साढु भाई के साथ लड़की देखने कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा गया हुआ था। वहां से लौटने के दौरान बेंगामोड़ पर वह अपनी मोटरसाइकिल किनारे कर पेशाब कर रहा था। इसी दौरान गिद्दी की तरफ से रामगढ़ आ रहे स्विफ्ट कार जेएच 01 ईवी 3472 ने उसे धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह कार बेहद तेज गति से चल रही थी और अनियंत्रित थी। हादसे के बाद कार वहां पलट गई।आनन-फानन में जयराम मुंडा को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान ही रविवार को जयराम मुंडा की मौत हो गई। मृतक के शव को लेकर परिजन सीधे रामगढ़ थाने पहुंचे और मुआवजे की मांग रखी। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

# गणिनाथ पब्लिक स्कूल में कला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में कला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मध्यदेशीय वैश्य समिति के अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता, विद्यालय के अध्यक्ष एन.के. गुप्ता तथा स्कूल के प्रधानाध्यापक आर. एस. गोस्वामी ने रिबन काटकर इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर नर्सरी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा अपने-अपने विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक मॉडल बनाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने सोलर सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग, सीजन का नाम, राम मंदिर का मॉडल , ज्वालामुखी, यातायात के साधन ,लेजर लाइट सुरक्षा ,टेस्ला कॉइल, प्रदूषण पृथ्वी, संरक्षण मानव संरचना इत्यादि ज्ञानवर्धक मॉडल का प्रदर्शन किया । इस अवसर पर मध्यदेशीय समाज के जितेंद्र प्रसाद, गणेश गुप्ता, रूपेश गुप्ता एवं विद्यालय के डिप्टी चेयरमैन राहुल गुप्ता ने भी बच्चों को साफ साफ कहा कि यह देश के भविष्य बनकरष उभरेंगे और अपने माता-पिता का नाम भी रोशन करेंगे। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थिति थे।

# पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए सुधीर मंगलेश

**❍ दुलमी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी पंचायत सचिवालय, उसरा में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा , दुलमी ने की, जिसमें दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, उप प्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा विकास कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समयबद्ध रूप से लागू किया जाए तथा सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं समस्याएँ भी साझा कीं,



जिनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ÷सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण विकास की दिशा में हर योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा।÷ उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।अंत में, प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुलमी ने सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में इसी तरह समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

*उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई जिला स्थापना समिति की बैठक*

## समिति द्वारा सेवा संपुष्टि एवं पदोन्नति समेत कई प्रस्ताव को दी गई स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्थापना समिति माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में दिनांक 17 फरवरी 2025 को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान सेवा संपुष्टि हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा समीक्षा कर कुल 12 कलर्क, 16 राजस्व उप निरीक्षक, 07 अमीन, 10 अनुसेवक एवं 01 चालक का सेवा संपुष्टि समिति द्वारा किया गया। वही एलडीसी से यूडीसी में 10, यूडीसी से हेड कलर्क में 06 एवं हेड कलर्क से ओएस में कुल 03 लोगों को पदोन्नति समिति द्वारा किया गया।बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एसडीएम राजेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता दिलीप महतो समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## डीएवी मॉडल स्कूल,सीएफआरआई में तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल,सीएफआरआई में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक हिंदी, संस्कृत एवं बीएसटी संबंधित तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला शुरू हुआ। इस कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या महुआ सिंह डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई, प्राचार्या चंद्रानी बनर्जी डीएवी पब्लिक स्कूल सिजुआ, प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा डीएवी पब्लिक स्कूल जामाडोबा, प्राचार्य राकेश शर्मा डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा, प्रायार्य आशीष मंडल डीएवी महुदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात ड़ीएवी गान हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन डीएवी जमशेदपुर, मुख्यालय जोन-ई द्वारा डीएवी सीएमसी, दिल्ली के तहत आयोजित की गई है, जिसका नेतृत्व एआरओ, प्रशिक्षण समन्वयक और क्लस्टर प्रमुख प्रज्ञा सिंह, प्रिंसिपल डीएवी बिष्टुपुर,जमशेदपुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया। डीएवी के विभिन्न विषयवार शिक्षकों की शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डीएवी सीएफआरआई, ड़ीएवी चाईबासा, डीएवी जामाडोबा,डीएवी नोआमुंडी, डीएवी महुदा शामिल हुए। हिन्दी में 31,संस्कृत में 14 तथा बीएसटी में 9 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला का आयोजन करने से शिक्षकों में रचनात्मक एवं शैक्षणिक योग्यता में विकास उत्तरोत्तर होता है तथा उन्होंने यह उम्मीद जताई कि इस कार्यशाला से प्रतिभागी लाभान्वित होंगे। साथ ही यहाँ से सीखी गई जानकारी भावी शिक्षण कार्य में काफी मददगार सिद्ध होगी। कार्यशाला प्रशिक्षक हिन्दी में स्वाति तिवारी,ए एन सिंह,एच सी मिश्रा,रूमा गोराई,प्रदीप महतो,सीमा महरोत्रा,संस्कृत में भगवान दास,सोमनाथ चटर्जी, धर्मराज दुबे कामदेव पांडा,जयदेव,अलखदेव सिंह,सुदिप्ता राय तथा बीएसटी में मिलन दत्ता,विनय कुमार सहाय रानू शर्मा,बबलू कुमार हैं तथा इस कार्यशाला के पर्यवेक्षक एस बी सिंह वरिष्ठ शिक्षक डीएवी चाईबासा रहेंगे।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद द्वारा बाघमारा प्रखण्ड के लोहपिटी गांव में एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बारे में लोगों को समय पर जानकारी प्रदान करना था।इस शिविर में अनुभवी चिकित्सक टीम द्वारा समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत प्रमुख स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की गई। उसके साथ-साथ कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करने के लिए विशेष रूप से स्क्रीनिंग की गई साथ ही आवश्यक दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य, डॉक्टरों की टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले सत्रों में भी भाग लिया। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगे भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करने की योजना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

## मकतबे फैज़ान गौसिया, तौकीरिया में शानदार कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया सबिले हुसैन ट्रस्ट के तहत फैज़ाने गौसिया तौकीरिया में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुकाबला-ए-अज़ान, उर्दू तहरीर, इस्लामिक क्विज, नूरे नात और अंग्रेजी तकरीर जैसे महत्वपूर्ण मुकाबले शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान करीम की पवित्र तिलावत से हुई। इसके बाद नात-ए-रसूल अक़राम पेश की गई, मौलाना खुश्तर आफ़ताबी और हाफिज़ आरीफ हैदरी मस्जिद ने भी दिलकश अंदाज में नात-ए-शाहे-दीं पेश की।कार्यक्रम की मुख्य कार्यवाही शुरू होने से पहले बच्चों ने इन विभिन्न क्षेत्रों में भरपूर मेहनत की ताकि वे इस धार्मिक और शैक्षिक कार्यक्रम में शानदार सफलता प्राप्त कर सकें। उनकी मेहनत और लगन का प्रदर्शन इन सभी मुकाबलों में साफ दिखाई दिया। नीचे बताए गए मुकाबले हुए, जिनमें कई छात्रों और छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया और सफलता के झंडे गाड़े।सफल बच्चों को उत्साहवर्धन के रूप में सर्टिफिकेट्स और मेडल से नवाजा गया, जिससे उनका हौसला और भी बढ़ा। इन पुरस्कारों का उद्देश्य बच्चों को मेहनत और लगन के साथ अपनी शैक्षिक यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरित करना था। इन सफलताओं ने न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाया बल्कि उनके शैक्षिक और धार्मिक सफर के लिए नए रास्ते भी खोले।कार्यक्रम के समापन पर नवासा-ए-हामी-मिल्लत मौलाना मुज़फ़्फ़र हुसैन असकरी ने एक ऐतिहासिक और बिसारत-अफरोज़ खिताब किया। उन्होंने आज के दौर में दीन के इल्म की अहमियत पर रोशनी डाली और बताया कि फैज़ान गौसिया तौकीरिया के डायरेक्टर कारी राशिद मदनी की मेहनत और खोज का परिणाम है कि आज यह कार्यक्रम सफलता के नए मील पत्थर की ओर बढ़ चुका है। मौलाना असकरी ने और कहा कि कारी राशिद मदनी की नेतृत्व और निरंतर मेहनत ने बच्चों को उच्च सफलता प्राप्त करने का मौका दिया।आखिर में सलवत और दुआ पर महफिल को समाप्त किया गया। इस महफिल में सबिले हुसैन ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना आरीफ रजा कादरी, कारी राशिद मदनी, कारी अब्दुल मतीन, कारी महमूद, मोहम्मद सईफ, पार्षद उम्मीदवार मोहम्मद सद्दाम हुसैन, मोहम्मद आक़िब, हसन रजा कादरी, सोहैल अंसारी ऑफिस सचिव मोहम्मद फैजान खान, मोहम्मद शमशाद, कारी तैयब साहब इमाम रहमतगंज, कारी आज़हर और अन्य शख्सियतों की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम की महत्ता और अहमियत को और भी बढ़ा दिया।यह कार्यक्रम न केवल बच्चों की शैक्षिक उन्नति का आधार था, बल्कि उनकी धार्मिक जागरूकता और मानसिक स्तर को भी ऊंचा करने का एक महत्वपूर्ण साधन साबित हुआ। फैज़ान गौसिया तौकीरिया में इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में बच्चों की शैक्षिक, धार्मिक और नैतिक विकास की नींव रखेंगे, और उनके लिए एक उज्जवल और सफल भविष्य की राह खोलेंगे।



## दुधारू पशु मेला एवं मुखिया ऑरियेन्टेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 17.02.2025 को जिला गव्य विकास कार्यालय, धनबाद में सेमिनार / समारोह/ कार्यशाला, दुधारू पशु मेला एवं मुखिया ऑरियेन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लोकहित में सघन रूप से प्रचार-प्रसार एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादन से जुड़े पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (दो गाय, पाँच गाय एवं दस गाय) के लाभुकों को माननीय जनप्रतिनिधियों एवं अन्य विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा दुधारू मवेशी का वितरण किया गया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं स्वरोजगार तथा पलायन को रोकने के उद्देश्य से सेमिनार / समारोह / कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पशुपालकों के बीच व्याख्यान एवं अपने विचार प्रस्तुत किया गया।

## इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन ने अपर्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों के बीच खुशियां बिखेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कुसुम विहार फेस 2 स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के परिसर में इनरव्हील क्लब ऑफ़ माइलस्टोन की प्रेसिडेंट रश्मि सहाय, वाइस प्रेसिडेंट लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल और एडिटर गीता चौबे ने बच्चों को खुश करने के लिए स्टेशनरीज और चॉकलेट्स बांट कर छात्रों के बीच हैप्पी डे मना कर खुशियां बिखेरी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बच्चों के साथ क्लब की पदाधिकारियों, स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ़ धनबाद माइलस्टोन की पदाधिकारियों और स्कूल की शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से बच्चों के लिए रोचक कार्यक्रम आयोजित किए। स्कूल के नन्हे मुन्हें बच्चों ने बहुत कुछ उत्साह एवं खुशीपूर्वक हैप्पी डे मनाकर खूब मस्ती की।


आपकी भागीदारी। हमारी जिम्मेदारी।। — **कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़** — स्वच्छ रामगढ़। सुन्दर रामगढ़।।

रामगढ़, झारखण्ड–825101

दूरभाष नं०:– 06553-295014ई.मेलः–nagarparishadramgarh@gmail.com

वेबसाईट :–http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx

**इच्छा की अभियुक्ति**

नगर परिषद् रामगढ़ कार्यालय में व्यर्थ पड़े सामाग्रियों को नीलाम किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक फर्म/एजेंसी / संस्था नगर परिषद् कार्यालय में दिनांक 24.02.2025 को पूर्वाह्न 11 बजे तक 2000/-(दो हजार) रुपये के DD के रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे ।

नियम एवं शर्तें व सामग्री सूची कार्यालय सुचना पट् पर देखी जा सकती है ।

विश्वासभाजन
प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 346562 (District)24-25*D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

**–: पुनः अति अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद अन्तर्गत हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत चंदौल में पेपर बैग मेकिंग सेन्टर अधिष्ठापन कार्य किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निविदादाता (Bidders) से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28/02/2025 समय 2.00 अपराहन् तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28/02/2025 समय 3.00 अपराहन्।
4. निविदा खोलने का स्थान :– उप विकास आयुक्त–सह–मु0का0पदा0जि0प0, ह0बाग।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.346570 District(24-25):D



**कार्यालय : जिला परिषद्, रामगढ़**

Email ID : ddc-ramgarh@jharkhandmail.gov.in

**-:: आम सूचना ::-**

झारखण्ड बिल्डिंग बायलोज, 2016 के आलोक में दिनांक– 20.12.2024 को अध्यक्ष, जिला परिषद्, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की कण्डिका 05 में जिला परिषद्, रामगढ़ के क्षेत्राधिकार अन्तर्गत 5000 वर्ग फिट से अधिक निर्मित/निर्माणाधीन भवनों के नक्शा स्वीकृति/नक्शा नियमितीकरण जिला परिषद्, कार्यालय रामगढ़ से ऑनलाईन संपादित करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया है।

उक्त के आलोक में एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला परिषद्, रामगढ़ के क्षेत्राधिकार अन्तर्गत 5000 वर्ग फिट से अधिक निर्मित/निर्माणाधीन भवनों के नक्शा स्वीकृति/नक्शा नियमितीकरण हेतु जिला परिशद्, कार्यालय रामगढ़ में निबंधित LTP द्वारा BPAMS Portal के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किये जायेगे। जिला परिषद्, रामगढ़ में निबंधित Licence Technical Person से विस्तृत जानकारी हेतू संपर्क किया जा सकता है। विवरणी निम्नवत् है :–

| Person Name | Category Type | Email Id | Contact No. |
|---|---|---|---|
| jigyashu kumar kumar | Architect | "jigyashukumar@gmail.com" | 9835130034 |
| Ajeet Kumar Singh | Draftsman | "schimbare01@gmail.com" | 8423245454 |
| ARIF EQUBAL | Architect | "ARIFRIMT09@GMAIL.COM" | 8527462316 |
| INDRANIL BAKSI | Architect | "indranilbks87@gmail.com" | 9231559776 |
| ANOOP KUMAR | Civil Engineer | "anoop7117@gmail.com" | 9431117509 |

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 346533 District (24-25)_D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**

(CIN No. U40108JH2013SGC001702)

O/o General Manager -cum -Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area

Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002

Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670 E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

**e-Tender Notice**

Online tenders are invited from manufacturers/ authorized dealers/ supplier firms authorized by principal manufacturer for supply of under mentioned O&M Head materials

| Sl No | NIT | Name of material | Unit | Quantity | Estimated Cost (in Rs.) | EMD Amount (in Rs.) | Cost of BOQ including GST (Non-refundable) (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 33 KV Straight through Jointing kit 400 mm2 | Set | 66 | | | |
| 2 | | 33 KV Straight through Jointing kit 300 mm2 | Set | 8 | | | |
| 3 | | 11 KV Straight through Jointing kit 240 mm2 | Set | 108 | | | |
| 4 | | Termination Kit for 400 mm2 (33 kV) | Set | 200 | | | |
| 5 | | 33 KV 3-core heat shrinkable Out door type Cable termination kit for 300 mm2 | Set | 33 | | | |
| 6 | 323/PR/ JBVNL/ 2024-25 | 11 KV 3-core heat shrinkable Indoor Cable Jointing/termination kit 300 mm2 | Set | 276 | 58,57,874.00 | 1,17,200.00 | 11800.00 |
| 7 | | 11 KV AB cable 240 mm2 straight jointing kit | set | 138 | | | |
| 8 | | 11 KV AB cable 240 mm2 End jointing kit/Termination kit | Set | 109 | | | |
| 9 | | Jointing kit straight through HT AB cable 95 mm2 | set | 37 | | | |
| 10 | | 11 kv 3 core XLPE heat shrinkable straight through jointing kit for 400 sqmm | Nos. | 12 | | | |
| 11 | | HT AB cable 95 mm2 End jointing kit | set | 38 | | | |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | From:-19.02.2025 to 11.03.2025 up to 13.00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | From:- 19.02.2025 to 11.03.2025 up to 13.00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of receipt of bid documents (Online) | :- | 11.03.2025 up to 13:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | 12.03.2025 at 14.00 Hrs. |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
3. Bidders have to upload the online transaction slip if generated or SSI/NSIC/MSME registration certificate towards Tender Fee & EMD as mentioned in NIT on or before the cutoff date & time as mentioned in the NIT failing which bid will not be accepted. The details of cost of documents, EMD specified in the tender documents should be the same as submitted online (scanned copies of online transaction slip) otherwise tender will summarily be rejected.

1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
2. For any clarification please contact :0651-2490550 /9431135609.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-Cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Ranchi

PR 346597 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)24-25*D


*सेन्द्रा में औरतों का इज्तिमा आयोजित*

## पाकी इबादत की कुंजी है : आलिमा ज़ीनत क़ादरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोयाबाद के मकतबे बाग़-ए-आयशा, मदनाडीह-सेन्द्रा में औरतों के लिए साप्ताहिक ज़नाना इज्तिमा का आयोजन हुआ। इस इज्तिमा में लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं और बच्चियों ने शिरकत करके दीनी मसाइल और शरई अहकाम को सीखा। इस इज्तिमा की शुरुआत कलामे पाक की तिलावत से हुई। तस्मिया महज़बीन, नायरा परवीन और फ़रहा परवीन ने नात शरीफ के कलाम खूबसूरत अंदाज में पेश किए।इस इज्तिमा में आलिमा क़ारिया कनीज़ फ़ातिमा ने क़राअत की बारीकियों को समझाया और बताया कि कुरान पाक को मखरज की अदायगी के साथ पढ़ना ज़रूरी है। साथ ही, उन्होंने नमाज़ की फजीलत और उसके मसले को बयां किया। आलिमा ज़ीनत क़ादरी ने अपने ख़िताब में तहारत पर रौशनी डाली। उन्होंने कहा कि पाकी ईमान का हिस्सा है। साफ़-सफ़ाई इबादत की कुंजी है। जब तक हम गुस्ल के मसले को नहीं समझेंगे, तब तक हमारी न वुज़ू दुरुस्त होगी और न कोई नमाज़ क़ाबिले कुबूल होगी। मौके पर सायरा बानो, हाजरा ख़ातून, अफ़साना बानो, खुर्शीदा जमाल रोज़ी, मुस्कान परवीन, साजदा ख़ातून, सना परवीन, सालेहा ख़ातून, रेशमा ख़ातून आदि मौजूद थीं।


**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,जिला नियोजनालय, लातेहार**

**रिक्ति की सूचना**

**भर्ती कैम्प– 2025**

**दिनांकः 21/02/2025**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांकः 21.02.2025 के पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुल मैदान में भर्ती कैम्प 2025 का आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प 2025 में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification | | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | PARAM CORPOARTION AURANGABAD(M.H.) | Trainee | 220 | Any ITI, Any Diploma | 10th, 12th any Graduate | Fresher | 18-28 yrs | 13000-16000/- |
| 2 | Vision Indian Service Pvt. Ltd, KhadgarhaKantatoli Ranchi | Operator | 100 | 10th | 10th | - | 18-24yrs | 19000/-PM CTC |
| | | FTC | 100 | ITI | ITI | - | 18-23 yrs | 21500/- CTC |
| | | Operator | 50 | 10th | 10th | - | 18-24 Yrs. | 14000/-PM CTC |
| 3 | SATIN CREDIT CARE NETWOK LTD. DALTONGANJ, PALAMU | ACSO | 05 | 10TH | 12th | Fresher | - | 17000/- |
| | | TCSO | 25 | 12th | Graduation | Fresher | - | 19000/- |
| | | SQO | 05 | 12th | Graduation | Experienced | - | 26000/- |
| | | SPO | 05 | 12th | Graduation | Experienced | - | 24000/- |
| | | Sr. CSO | 10 | 12th | Graduate | Experienced | - | 26000/- |
| 4 | Fulambri Text Com Pvt. Ltd, Aurangabad Maharashtra | Apprenticeship Trainee | 120 | ITI | ITI | - - | 18-26Yrs. | 15000/----- 20000/- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प 2025 में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा(2 कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर अथवा जिला नियोजन कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

**।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामनाओं के साथ।।**

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 346593 Labour Employment and Traning(24-25).D

# सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिये एल्बम से लोगो को किया जा रहा है प्रेरित : एसपी हारिश बिन जमां





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में पिछले सालो में न जाने कितने लोगो की सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठे है कितने मां ने अपने बेटे, बहन, बेटा तथा सगे संबंधियों को खो बैठे जिसकी पूर्ति करना किसी भी हाल में संभव नहीं है।इन्ही सब मामले को देखकर जिला प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत काम किया जा रहा है। इस दौरान एसपी हारिस बिन जमाँ ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में अहम योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकार कयूम रूमानी, लेखक एवं सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर प्रेम रंजन उरांव समेत अन्य कलाकारों को पुष्प गुच्छा देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एसपी हारिस बिन जमां ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सबसे पहले लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इसी क्रम में लोहरदगा जेलर के नाम से एक वीडियो तैयार किया गया है, जो सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। इस वीडियो के माध्यम से स्थानीय भाषा में वाहन चालकों को हेलमेट पहनने,सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवर स्पीड से बचने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की गई है। इस दौरान एसपी ने कहा की एक संगीतकार की बात आम जनता ध्यान से सुनती है संगीत एक ऐसा मध्यम होता है जो समाज की कुरीतियों और असमानता को समाप्त कर सकता है,इस मौके पर गायक कयूम रुमानी ने सड़क सुरक्षा निमित्त एल्बम नागपुरी में गाकर आम जनता को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया है।ताकि एक कलाकार समाज को दिशा और दशा बदलने की क्षमता रख सकता है इस अभियान में लोहरदगा सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने सड़क सुरक्षा नियमों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने न सिर्फ इस जागरूकता वीडियो में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई, बल्कि अपने अनुभव और मार्गदर्शन से इसे और प्रभावशाली बनाया है।उन्होंने युवाओं को ट्रैफिक नियमों की गंभीरता समझाने तथा स्कूल कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और सड़क पर अनुशासन बनाए रखने को लेकर निरंतर प्रयास किए हैं।मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी का भी विषय है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करें,मोबाइल फोन का उपयोग न करें।रेड लाइट इत्यादि को जंप न करें।और दूसरों को भी सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करें और सबसे महत्वपूर्ण उन्होंने कही है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं। इस वीडियो एल्बम बनाने में पुलिस इंस्पेक्टर से सेवानिवृत हिरही गाँव निवासी प्रेम रंजन उरांव ने अहम भूमिका निभाई और पुलिस को सड़क सुरक्षा निमित्त कलाकार की सेवा लेकर कार्य करने को प्रेरित किया है।इस दौरान कयूम रुमानी की टीम में मुख्य रूप से कयूम अंसारी, छोटू अंसारी सहित चौकीदार शमशूल अंसारी, सोनू राजा, हासिम अंसारी, जमीर अंसारी, इरशाद भारती, सलाउद्दीन अंसारी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और लोगो को प्रेरित भी किया है।

## पाखर माइंस में काम करने गये युवक की फिसलकर गिरने से मौत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत पाखर डूमरपाठ बागान के समीप बॉक्साइट माइंस क्षेत्र में रविवार को दोपहर 2 बजे बॉक्साइट लोडिंग के लिए गया ड्राइवर फिसल कर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान जोबांग थाना क्षेत्र अंतर्गत बहाबार निवासी 28 वर्षीय पीटर होरो पिता सिलास होरो के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि पीटर होरो बॉक्साइट लोडिंग के लिए माइंस क्षेत्र के डंपिंग यार्ड में ट्रक वाहन खड़ी कर निचे उतरा कर कुछ दूर चला ही था और पांव फिसल गया जिसमें वह सिर के बल पत्थर पर गिरकर घायल हो गया।जिसके बाद बॉक्साइट लोडिंग कर रहे मजदूरों द्वारा मामले की जानकारी ट्रक ऑनर सह पाखर के पूर्व मुखिया शनिचरवा किसान को दी गयी और आनन-फानन में पूर्व मुखिया द्वारा हिंडाल्को कंपनी के एंबुलेंस में घायल वस्था में उठाकर लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वह अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है।वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि उसे 2 दिन पूर्व में सीने में दर्द की समस्या हुआ था।जिसके बाद परिवार वालो ने काम पर न जाने को कहे लेकिन वह काम पर चला गया और हादसे में उसकी मौत हो गई।

## मैट्रिक में 84 छात्र छात्राओं ने दिया उर्दू की परीक्षा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में सोमवार को उर्दू की परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा आयोजित कराने के लिये प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 32 छात्र छात्राओ ने और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 52 विद्यार्थियों ने उर्दू का परीक्षा दिया। वही केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिसमें सोमवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। साथ ही परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी 84 छात्र छात्रा परीक्षा में उपस्थित रहे और उर्दू का परीक्षा दिया। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## डोर टू डोर भ्रमण के दौरान विद्यालय में 5 शिक्षक शिक्षिका व 130 छात्र छात्राओं को दवा खिलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में डोर टू डोर भ्रमण के दौरान विद्यालय में शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राओं को फाइलेरिया रोधी एमडीटी की दवा खिलाई गई। झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार एमडीए कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिस निमित 10 फरवरी को प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों में फाइलेरिया उन्मूलन रोधी दवा खिलाई गई थी। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.संजीत आनंद ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी तक 02 वर्ष से ऊपर उम्र के लोगो को फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी।? जिस निमित प्रखंड क्षेत्र के 116 बूथों में दवा खिलाई गई थी। वही झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार 11 फरवरी से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी एएनएम,स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा स्वास्थ्य वोलेंटियरों द्वारा डोर टू डोर भ्रमण कर फाइलेरिया की दवा खिलाई जा रही है। जिसमे गर्भवती महिला, अधिक उम्र के व्यक्तियों और बीमार व्यक्तियों को छोड़ कर वंचित सभी लोगों को फाईलेरिया का दवा खिलना है। साथ ही सभी लोगों से फाइलेरिया रोधी दवा का उपयोग करने के लिये अपील किया गया है। जिसे किसी व्यक्ति का पैर हाथी पांव नही बने और लोगों का फाइलेरिया बीमारी से बचाव हो सके फाईलेरिया रोग मच्छर के काटने से होता है। जिसका लक्षण काफी समय बाद दिखाई देता हैं। फाइलेरिया एक संक्रमित बीमारी है जो पैर फूलने व हाईड्रोशील से हो सकती है। वही सभी को फाईलेरिया बीमारी से बचाव करना आवश्यक है। मौके पर चिकित्सा कर्मी मृत्युंजय कुमार, सीएचओ प्रियंका कुजूर, स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी, सेविका मालती देवी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया व सेविकाएं तथा वोलेंटियर मौजूद थे।

## डॉ. शंभू नाथ चौधरी ने एएनएम को अपने क्षेत्र में बीमारियों को चिन्हित कर जिला में सूचित करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आईडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है। इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करता है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से सभी एएनएम को टैब भी दिया गया है बीमारियों की रिपोर्टिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग इसकी बीमारी की रोकथाम का इंतजाम करता है अगर किसी एक बीमारी की पांच से अधिक मरीज एक क्षेत्र में मिल जाए तो उसे आउटब्रेक की श्रेणी में जिला द्वारा डालना होता है जिससे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसे क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम के उपाय स समय किया जाए। आज दिनांक




17.02.25 को सिविल सर्जन लोहरदगा की अध्यक्षता में प्रखंड कुडू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी कुडू प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की जिसमें जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र को जिन्होंने आईएचआईपी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य किया है उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा डॉ. शंभू नाथ चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा नाजिश अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुडू डॉ. सुनामी हीरो, जिला एपिडेमोलार्जस्ट प्रशांत चौहान, आईडीएसपी डाटा मैनेजर राकेश भूषण, जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आईडीएसपी विमलेश कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने ग्रामीण विकास,मनरेगा और पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग,ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग, झारखंड, रांची ने आज लोहरदगा परिसदन में ग्रामीण विकास विभाग, मनरेगा और पंचायती राज विभाग के योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा में सर्वप्रथम मनरेगा में जिला परियोजना पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी। इसमें मनरेगा के बजट अंतर्गत व्यय किये गए राशि की जानकारी दी गयी। साथ मानव दिवस सृजन,गांवों में संचालित योजनाओं,मनरेगा अंतर्गत मनरेगा सप्ताह की प्रगति,पोटो हो खेल विकास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान को सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों की छंटनी कर योग्य को इसका लाभ दिया जाय। अगर बिचौलियों द्वारा किश्त की राशि के लिए पैसों की मांग करने की शिकायत आती है तो इसकी जांच करें और कार्रवाई करें। अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना है जिसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा टोला चिन्हित करने का निर्देश दिये गया जहां पहुंच पथ नहीं है, ताकि वैसे क्षेत्रों में मिट्टी-मोरम का रास्ता उपलब्ध कराया जा सके। जहाँ अभी भी पोटो हो खेल विकास योजनाएं ली गयी हैं उन्हें जल्दी पूर्ण कराएं। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की योजनाओं,जल छाजन योजना,पंचायती राज की योजना की समीक्षा की गई। जिला में विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों व पुलों की समीक्षा की गई। अधूरे सड़कों व पुलों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, आवास योजनाओं के जिला समन्वयक, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा आदि उपस्थित थे।

## मध्यम वर्गो के लिये बजट बल्ले-बल्ले नहीं, बल्कि सरासर झूठ व पूर्ण ठगी का सौदा है : महेश कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 17 फरवरी 2025 केन्द्रीय बजट आम जनता के हित के लिए होना चाहिए,न कि पूँजीपतियों के मुनाफा के लिए। मध्यम वर्गो के लिए बजट बल्ले-बल्ले नहीं, बल्कि सरासर झूठ व पूर्ण ठगी का सौदा है। यह बात केन्द्रीय बजट में वैकल्पिक प्रस्तावों को जोड़े जाने की मांग को लेकर 14 से 20 फरवरी 2025 तक देश ब्यापी अभियान को सफल बने के क्रम में सदर ब्लॉक मोड़ लोहरदगा तथा शहीद-ए-आजम सरदार भगतसिंह चौक, रेलवे साइडिंग न्यु बस स्टैंड लोहरदगा में नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले,जिला प्रभारी कॉ0 महेश कुमार सिंह ने कहा। सी पी एम के पूर्व जिला सचिव का काम दिलीप कुमार वर्मा ने बजट में शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और मनरेगा के लिए बजट आवंटन में कोई बढोतरी नहीं करने का आरोप लगाया।बच्चू नारायण सिंह ने बजट प्रस्ताव में निजीकरण को आगे बढाने,बीमा क्षेत्र में 100त्न एफ डी आई लाने और परमाणु उर्जा जैसे संवेदनशील सेक्टर में देशी-विदेशी पूँजीपतियों की घुसपैठ को आसान किया गया है। लाल धनंजय नाथ शाहदेव ने कहा कि किसानों को न्युनतम समर्थन मूल्य देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। दिलमुनी कुमारी ने कहा कि देश के दलितों और आदिवासियों लिए राशि आवंटन में कटौती की गई है। देवेन्द्र लाल दास ने कहा कि बीमा क्षेत्र में 100त्न एफ डी आई वापस लिया जाय। शमसुल होदा ने केन्द्र सरकार से बजट में सुधार की मांग किया है। मो,0कैश ने कहा कि सरकार के जन विरोधी बजट के खिलाफ 20 फरवरी 2025 तक कार्यक्रम किया जायगा।

### शहीद वीर बुधू भगत जयंती समारोह में शामिल हुई मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, कहा

# शहीदों को जन्मस्थली को दिलाएंगे विशेष पहचान

### मैना बगीचा में आयोजित हुआ विकास मेला-सह-जयंती समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हर वर्ष की भांति इस बार भी विकास मेला-सह-जयंती समारोह का आयोजन मैना बगीचा में आयोजित किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, रांची तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद सुखदेव भगत द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पूर्व माननीय मंत्री व अतिथियों द्वारा मैना बगीचा में वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राज्य में जितने शहीदों की जन्मस्थली है वहां को विशेष पहचाने दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। टीको, कुडू में शहीद वीर बुधू भगत, शहीद हलधर, गिरधर, रूनिया एवं झुनिया की शहादत स्थली को पर्यटन स्थल के रूप में राज्य सरकार पहचान दिलाएगी। नई पीढी के युवाओं को भी शहीदों के बारे जानना चाहिए। जहां-जहां शहीदों की याद में कार्यक्रम उनकी जन्मस्थली में आयोजित हो रहे हैं, सरकार ऐसे स्थानों में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। माननीय मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। युवाओं को रोजगार दे रही है। आवास योजना, मईया सम्मान योजना आदि से अच्छादित किया जा रहा है। युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। हम उद्योग लगाएंगे ताकि यहां के युवाओं को यहीं रोजगार मिल सके। सुदूरवर्ती गांवों को मुख्य धारा से जोड़ेंगे।

**टीको शहादत स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में करेंगे विकसित : सुखदेव भगत**

सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि कुडू प्रखंड के ग्राम टीको में वीर बुधू भगत, उनके बेटों व बेटियों के शहादत स्थल को राज्य सरकार के प्रयास से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे। यहां के बच्चों को राज्य के शहीदों के बारे उनके पाठ्य-पुस्तकों में ही जानकारी मिले, इसके लिए राज्य सरकार से बातचीत कर पाठ्य पुस्तक में इस अध्याय को शामिल कराया जाएगा। शहीद वीर-बुधू भगत ने लरका आंदोलन में बड़ी भूमिका निभायी। जल, जंगल और जमीन के लिए उन्होंने ना सिर्फ अपनी शहादत दी बल्कि उनके दो बेटों हलधर और गिरधर, बेटियों रूनिया और झुनिया ने भी अपनी शहादत दी। हम सभी को मिल कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए कार्य करना है। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सरना कोड को पास कर केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि सरना कोड लागू हो जाए।

### अमर शहीद वीर बुद्धू भगत स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक थे : निशिथ जायसवाल

# विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल ने जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को राज़ी पड़हा प्रार्थना सभा द्वारा आदिवासी कला केंद्र कचहरी मोड़ में अमर शहीद वीर बुद्धू भगत जी की जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुखय अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत पाहन द्वारा पारंपरिक प्रार्थना एवं पूजा पद्धति द्वारा की गई तत्पश्चात् अमर शहीद वीर बुद्धू भगत जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर की गई,एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौक़े पर लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने कहा कि अमर शहीद वीर बुद्धू भगत स्वतंत्रता के वीर नायक थे, उन्होंने 1831-1832 में अंग्रेजों के ख़िलाफ़ कोल एवं लरका विद्रोह का नेतृत्व किया वे हमेशा से आदिवासी शोषण के ख़िलाफ़ थे। इन्होंने आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया और वे आदिवासी समाज के लिए दूरदर्शी विचार रखते थे इन्हें मिट्टी जल जंगल ज़मीन और परंपरा से काफ़ी प्रेम था और देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर इनका पूरा परिवार विद्रोह में कूद पड़ा जिसमें अंग्रेजों के साथ हुए युद्ध में इनके बेटे जलधर गिरधर रुनिया झुनिया वीरगति को प्राप्त हुए। अंग्रेजों की चेतावनी के बावजूद उन्होंने आत्म समर्पण नहीं किया और हार नहीं मानी तथा जल जंगल ज़मीन और अपने हक़ एवं अधिकारों के लिए अंग्रेजों के साथ संघर्ष करते हुए अपनी शहादत दी। आज सीएनटी एक्ट जैसे क़ानून इन्ही के संघर्षों का परिणाम है। हमे इनके बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। जलेश्वर उराँव ने कहा कि बुधु भगत बचपन से ही जमींदारों और अंग्रेजी सेना की क्रूरता देखते आये थे। उन्होंने देखा था कि किस तरह तैयार फसल जमींदार जबरदस्ती उठा ले जाते थे और गरीब गांव वालों के घर कई-कई दिनों तक चूल्हा नहीं जल पाता था। अपनी जमीन और जंगल की रक्षा के लिए जब सैकड़ो की तादाद में आदिवासियों ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ लोहा लेने का संकल्प लिया, तो उन्हें वीर बुधु भगत जैसा नेतृत्वकर्ता मिला। अपने दस्ते को बुधु ने गुरिल्ला युद्ध के लिए प्रशिक्षित किया। विद्रोह के लिए इनके पास अब पर्याप्त जन समर्थन था। वीर बुधु भगत बेहतरीन घुड़सवार में से थे। इन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई में अपनी सारी ताकत झोंक दी थी।

# सामाजिक और जनहित के कार्यों में हाथ बंटाना सौभाग्य की बात है : हाजी अब्दुल जब्बार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के सौजन्य से धुर्वा मोड़ मैदान में पानी की किल्लत से लोगों को निजात दिलाने हेतु सकारात्मक पहल करते हुए सिंटेक्स, समरसेबल मशीन और 6 नल की व्यवस्था दी गई है। जिसकी खूब प्रशंसा पूरे नारी नवाडीह क्षेत्र वासियों ने की है। यहां पर लोगों के सहुलियत हेतु पानी की परेशानियों से छुटकारा दिलाने को लेकर हाजी अब्दुल जब्बार के द्वारा नीजि खर्चे से उपलब्ध कराई गई समरसेबल मशीन और 6 नल व सिंटेक्स को तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी एवं महासचिव रौनक इकबाल की देख-रेख में लगवाया गया। मालूम हो कि लंबे समय से धुर्वा मोड़ के समीप पानी की दिक्कत से क्षेत्रवासी जूझ रहे थे। इधर जनता की परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के इस नेक पहल को लेकर लोगों में काफी हर्ष देखा जा रहा है। लोग हाजी अब्दुल जब्बार के सराहनीय कार्य के लिए सहृदय से आभार व्यक्त किया है और कहा कि जनहित में ऐसी नेक पहल हाजी अब्दुल जब्बार के दरियादिली को दर्शाता है। गांव वालों ने कहा कि हाजी अब्दुल जब्बार द्वारा गर्मी आगमन से पूर्व और आगामी 25 फरवरी को आयोजित होने वाली मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम से पहले जरूरियात की चीजें जनहित में उपलब्ध कराई गई है जो काफी उम्दा पहल है। वहीं अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला समाजसेवी हाजी अब्दुल जब्बार ने नारी नवाडीह वासियों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि सामाजिक और जनहित के कार्यों में हाथ बंटाना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और जनहित के कार्यों को पूरा करने हेतु हर संभव हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा कि जनता को पानी की दिक्कत से जूझना ना पड़े इसे लेकर हमारा प्रयास रहेगा कि हमेशा जनसेवा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया युवा उद्यमियों से संवाद



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बढ़ा बूस्ट दिया है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। मुख्यमंत्री योगी, सोमवार को महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कर रहे थे। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी संवाद में शामिल हुए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ पर उंगली उठाने वालों को भी करारा जवाब दिया। बोले कि, महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकॉनमिक्स बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो रिजल्ट सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा।

### नाबालिगों के विवाह रोकने के लिए लोगों को किया जागरूक

**नारनौल :** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में बाल विवाह विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा और गणेश कुमार ने शिरकत की।कार्यक्रम में सुमन राणा व गणेश कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है तो 2 साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील कि वे अपने समाज या परिवार के इर्द-गिर्द बाल विवाह होने की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें, ताकि बाल विवाह को रोका जा सके।उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में विवाह होने से बच्चे के मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास की कमी होती है। यहां तक बच्चे में हीनभावना भी आती है।

# गरीब बेटियों के हाथ पीले करने की मुहिम, अधिवक्ताओं ने बढ़ाया सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा 19 फरवरी को दानरो नदी छठ घाट पर आयोजित होने वाले 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर भिक्षाटन कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को गढ़वा अधिवक्ता संघ के कार्यालय से की गई।




इस दौरान अधिवक्ताओं ने संस्था के सचिव विकास कुमार माली की झोली में अपना सहयोग प्रदान किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि संस्था गरीब और असहाय कन्याओं के लिए जो मुहिम चला रही है, वह सराहनीय है। इससे ऐसे परिवारों को राहत मिल रही है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पाते थे। संस्था के प्रयासों से अब ये माता-पिता खुशी-खुशी अपनी बेटियों का हाथ पीला कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी न केवल विवाह आयोजन कर रही है, बल्कि दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

यदि इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो गढ़वा जिला सहित अन्य राज्यों में भी गरीब बेटियों का विवाह निरंतर कराया जाता रहेगा। इस अवसर पर विभूति पांडे, राजेश कुमार सिन्हा, हसीबुल्ला अंसारी, महजबीन साहिबा सहित संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों के विपणन की मिलेगी बेहतर सुविधा : उपायुक्त

एजेंसी

**धर्मशाला :** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग तथा विपणन के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे ताकि महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। सोमवार को धर्मशाला के जिला परिषद कार्यालय के बाहर हिम ईरा शॉप का शुभारंभ करने के उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हिम ईरा शॉप में धर्मशाला उपमंडल के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों अपने उत्पाद बेचने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में हिम ईरा शाप्स की अहम भूमिका रहेगी चूंकि ग्रामीण स्तर पर महिला स्वयं सहायता समूह आर्गेनिक तरीके से अलग अलग उत्पाद तैयार करते हैं तथा हिम ईरा शाप्स के माध्यम से इन उत्पादों के विपणन की बेहतर सुविधा मिलेगी।उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को उत्तम क्वालिटी से तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके साथ ही उत्पादों की पैकेजिंग के लिए उचित कदम उठाए गए हैं ताकि मार्केट में इन उत्पादों की डिमांड बढ़ सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला भर में चरणबद्ध तरीके से हिम ईरा शॉप्स निर्मित की जा रही है कांगड़ा तथा नगरोटा में हिम ईरा शॉप्स तैयार को गई हैं जबकि अन्य उपमंडलों में भी हिम ईरा शाप्स के निर्माण के लिए उचित कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए हैं।उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को आनलाइन बेचने के लिए भी हिम ईरा की वेबसाइट तैयार की गई तथा सभी स्वयं सहायता समूहों को वेबसाइट के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि भविष्य में स्वयं सहायता समूह ऑनलाइन भी अपने उत्पादों को बेच सकें।

## विधानसभा में भाजपा के प्रखर वक्ताओं को बनाया जाता है निशाना : शुभेंदु अधिकारी

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के सबसे प्रखर वक्ताओं को महत्वपूर्ण सत्रों के दौरान निशाना बनाया जाता है। यह आरोप विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने चार भाजपा विधायकों के एक महीने के लिए निलंबन के बाद लगाया।शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि विधानसभा में निलंबन की साजिश लंबे समय से चली आ रही है। सत्ता पक्ष मुख्य रूप से विपक्ष के नेता और महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुखर विधायकों को निशाना बनाता है। खासकर जो विधायक धाराप्रवाह बोलते हैं, उन्हें सत्र के दौरान निशाना बनाया जाता है।निलंबित विधायकों में शुभेंदु अधिकारी के अलावा फैशन डिजाइनर से राजनेता बनीं अग्निमित्रा पॉल, बंकिम घोष और विश्वनाथ



करक शामिल हैं।शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि इन विधायकों को बिना किसी ठोस कारण के निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वनाथ करक उस समय विधानसभा में मौजूद ही नहीं थे जब हम विरोध कर रहे थे। बंकिम घोष अपनी सीट से विरोध कर रहे थे, लेकिन उन्होंने सदन के वेल में प्रवेश नहीं किया। अग्निमित्रा पॉल ने भी वेल में आकर प्रदर्शन नहीं किया। 2021 से यह चौथी बार है जब भाजपा के विधायकों, जिनमें विपक्ष के नेता भी शामिल हैं, को सदन से निलंबित किया गया है।शुभेंदु अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस में हिस्सा लेना था, इसलिए उन्हें जान-बूझकर एक दिन पहले निलंबित कर दिया गया, ताकि वे सदन में अपने विचार प्रस्तुत न कर सकें।भाजपा विधायकों का निलंबन उस विरोध के बाद हुआ, जो अग्निमित्रा पॉल द्वारा राज्य में हिंदू धार्मिक त्योहारों, खासकर इस महीने की शुरुआत में सरस्वती पूजा के दौरान हुए हमलों के मुद्दे पर लाया गया था। हालांकि, इस विषय पर चर्चा के लिए दिए गए प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया गया, लेकिन पॉल को इसे पढ़ने की अनुमति दी गई।

## एआईसीटीई ने आईडीई बूटकैंप के दूसरे संस्करण का किया उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम ने सोमवार को इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैंप के दूसरे संस्करण के फेज-2 का उद्घाटन किया। आईडीई बूटकैंप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक प्रमुख पहल है। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) और एआईसीटीई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में छात्र इनोवेटर्स के बीच इनोवेशन, डिजाइन विशेषज्ञता और उद्यमशीलता के कौशल को बढ़ावा देना है। इस मौके पर प्रो. टीजी सीताराम ने अपने संबोधन में बूटकैंप को इनोवेशन और डिजाइन थिंकिंग का उत्सव बताया, जिसमें भारत के विकास के लिए उत्पादीकरण के महत्व पर जोर दिया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों से उत्पाद विकास और



नवाचार के लिए डिजाइन थिंकिंग को एक मुख्य उपकरण के रूप में अपनाने का आग्रह किया। प्रो. सीताराम ने आगामी एआईसीटीई प्रोडक्टाइजेशन फेलोशिप के बारे में भी जानकारी दी जो प्रोडक्टाइजेशन की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि एआई हमारे काम करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा, शोध और नवाचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने देश भर में बूटकैंप को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए वाधवानी फाउंडेशन की सराहना की।एआईसीटीई के उपाध्यक्ष और सीआईओ डॉ. अभय जेरे ने इस बात पर जोर दिया कि एआईसीटीई और एमआईसी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो छात्रों को नवीन विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें सक्षम बनाते हैं।

# ग्रील तुड़वाकर नहीं लंबी लाइन खींच कर करें मुकाबला : अरुणा शंकर

### चैनपुर में स्वीट पैलेस का अरुणा शंकर ने किया शानदार उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर ने चैनपुर स्थित स्वीट पैलेस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के मालिक वरुण कुमार, अखिलेश कुमार एवं पूरे परिवार के लोगों ने प्रथम महापौर को शॉल और बुके देकर स्वागत किया। प्रथम महापौर ने कहा कि चैनपुर व शाहपुर मुझे अपना मायके जैसा लगता है। जब भी मैं इधर आता हूं, सभी लोग खासकर माताएं, बहने एक बेटी और बहन की तरह प्यार देती है। प्रथम महापौर ने कहा कि जैसे शहर में नित्य एक से एक अच्छे प्रतिष्ठान आ रहे हैं। वैसे ही चैनपुर शाहपुर में भी नित्य एक से बढ़कर एक दुकान खुल रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि चैनपुर व शाहपुर



में कई ऐसे चीज हैं, जो हमारे शहर में उस क्वालिटी की मिलती नहीं है।आज उसी में एक और प्रतिष्ठा शामिल हो गया, जहां एक से कई लजीज व्यंजन मिलेंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द मेरे कार्यकाल का पारित चैनपुर में गांधी उद्यान के तर्ज पर एक शानदार पार्क सूर्य मंदिर प्रांगण में बनकर तैयार होने जा रहा है। जहां हमारी माताएं, बहने, बुजुर्ग एवं बच्चे पार्क का आनंद उठा सकेंगे। प्रथम महापौर ने दुख भरे शब्दों में कहा कि मेरे कार्यकाल का निर्मित कोयल रिवर फ्रंट को बेदर्दी से तोड़ने वाले का पता शहर थाना प्रभारी ने लगा लिया है। जो मेरे एक प्रतिद्वंद्वी के बेटे का मित्र है। मैं कहती हूं कि हमेशा मुकाबला लंबी लाइन खींच कर करनी चाहिए। किसी चीज को नष्ट करने से क्या फायदा। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं पुनः टूटे हुए ग्रिल को बनवाऊंगी ताकि सुंदरता कोयल रिवर फ्रंट का बनी रहे। थाना प्रभारी ने तोड़ने वाले को नोटिस दिया है। पर दबाव में कोई कार्यवाही आज तक नहीं हुई, जो दुख का विषय है। स्वीट पैलेस के उद्घाटन के अवसर पर शैलू, चंदू गुप्ता, रवि, पप्पू सुनील गुप्ता,भूटू सर, श्रवण गुप्ता एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### संविधान के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कठुआ :** जीडीसी महानपुर की एनएसएस इकाई ने शारीरिक शिक्षा विभाग और हिंदी विभाग के सहयोग से भारत के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए।इसका आयोजन कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संगीता सूदन के मार्गदर्शन में किया गया। इस दिन शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों ने प्रिंसिपल मैडम के साथ प्रस्तावना का पाठ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था क्योंकि यह देश के मूल मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करता है। यह संविधान के उद्देश्य और दिशा को भी परिभाषित करता है। प्रस्तावना को अक्सर संविधान की आत्मा कहा जाता है।छात्रों को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन भी दिखाए गए। डॉ. रूपाली जसरोटिया एनएसएस पीओ ने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर व्याख्यान दिया।

# पुलिस ने नशामुक्त दिल्ली नाम से किया कार्यक्रम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने स्थापना दिवस के अवसर पर इंडिया गेट पर मेरे सपनों की दिल्ली, नशामुक्त दिल्ली नाम से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के साथ ही गायक मोहित चौहान, गायक अशोक मस्ती समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। ट्रैफिक और ड्रग्स संबंधित चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई।कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने दिल्ली को सुरक्षित बनाने के दिल्ली पुलिस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और नशामुक्त दिल्ली की दिशा में



सामूहिक संकल्प है। दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर नागरिकों को भी इस अभियान में भाग लेना चाहिए, ताकि आने वाले तीन वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के ÷नशा मुक्त और सुरक्षित भारत÷ के सपने को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं को नशे के उपयोग और इसके नुकसान, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि दिल्ली पुलिस मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध व शून्य सहिष्णुता की नीति पर सख्ती से काम कर रही है और मादक पदार्थों को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन कवच जैसे अभियानों के माध्यम से ड्रग तस्करी के खिलाफ मजबूत कदम उठाए हैं। अरोड़ा ने कहा कि पुलिस द्वारा प्रतिदिन न केवल नशीले पदार्थों की जब्ती की जा रही बल्कि तस्करों को भी दबोचा जा रहा है।

# मनुष्य को धर्म का सहारा लेकर जीवन जीना चाहिए : जीयर स्वामी



एजेंसी

**महाकुम्भनगर :** मनुष्य को धर्म के आठ खम्भा का सहारा लेकर जीवन जीना चाहिए। यज्ञ, अध्ययन, दान, तप, धृति, क्षमा, संतोष और अलोभ ये मनुष्य के जीवन का आठ खम्भा है। ये बातें श्री त्रिदण्डी स्वामी के शिष्य जीयर स्वामी ने सोमवार को एक विशेष बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि भक्ति सिर्फ गंगा स्नान और मंदिर में पूजा करना ही नहीं है, बल्कि ईश्वर का भजन करना, सत्कर्म करना, पुत्र, पति, स्वामी, समाज एवं मानवता की सेवा करना भी भक्ति है। उन्होंने वर्णाश्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्राह्मण को स्वभाव से मन और इन्द्रियों को वश में रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संतोष, क्षमा, दया, सरलता, भगवद्भक्ति, सत्य, पवित्रता और तपस्या, ये सब ब्राह्मण के मुख्य धर्म हैं। अगर स्वाभाविक रुप से ये सभी गुण ब्राह्मणों में पाये जाते हैं तो समझना चाहिए कि वह वास्तव में ब्राह्मण है।श्री जीयर स्वामी ने कहा कि क्षत्रिय को तेजवान, बलवान, वीरता का प्रदर्शन करने वाला, उदार होना, सहनशीलता होना, क्षमाशील होना, उद्योगशीलता यानी परिश्रमी होना, भगवद्भक्ति एवं ऐश्वर्यवान होना, ब्राह्मणों का भक्त होना, क्षत्रियों का स्वाभाविक धर्म है। उन्होंने वैश्य का धर्म बताते हुए कहा कि वैश्य को भगवत्–भक्ति, दान करने का स्वभाव, सदाचारी, विप्र का भक्त, धन कमाने की प्रबल लालसा होनी चाहिए, यह वैश्य का स्वाभाविक धर्म है। अंत में उन्होंने दास का धर्म बताते हुए कहा कि इनका धर्म है कि सभी लोगों से प्रेम करें, किसी से वैर-वैमनस्य न करते हुए गौ, विप्र देवता, संत इत्यादि की सेवा करते हुए संतोष से रहना चाहिए। सबकी सेवा एवं सबके साथ मिलकर रहना, दास का स्वाभाविक धर्म है। उन्होंने कहा कि चारों वर्णो का एक ही परमधर्म है कि मन, वाणी और कर्म से सत्यदृढ़ होकर सदाचार को जीवन में धारण करें और भगवान श्रीमननारायण की भक्ति करें।

### अखिलेश यादव को नकारात्मक टिप्पणी करने की आदत : गिरीश

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। खेल मंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर हमलावर अखिलेश यादव के बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें नकारात्मक टिप्पणी करने की आदत है। जब चुनाव में वे हारते हैं तो ईवीएम को दोष देते हैं। जब चुनाव जीत जाते हैं तो कुछ नहीं बोलते। सिगरा खेल स्टेडियम में आयोजित ग्रामीण जोन बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता का कैबिनेट मंत्री ने उद्घाटन किया। इसके बाद डे नाइट दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच में शामिल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाकुंभ की सराहना पूरी दुनिया कर रही है। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले लाखों श्रद्धालु कर रहे हैं। अखिलेश यादव सनातन धर्म का हर समय अपमान करते है।

# इंडियाज़ गॉट लेटेंट विवाद में राष्ट्रीय महिला आयोग ने दी नई तारीख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने सोमवार को रणवीर इलाहाबादिया समेत इंडियाज गॉट लेटेंट के यूट्यूबर्स के लिए सुनवाई की नई तारीख तय की है। इलाहाबादिया, अपूर्व मुखीजा, आशीष चंचलानी, तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा को 6 मार्च को बुलाया गया है, जबकि समय रैना, जसप्रीत सिंह और बलराज घई को 11 मार्च को तलब किया गया है।राष्ट्रीय महिला आयोग ने यूट्यूब कार्यक्रम इंडियाज गॉट लेटेंट में की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना, अपूर्वा मुखीजा और अन्य को सोमवार को पेश होने के लिए समन जारी किया था। आयोग ने सभी को 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा था, लेकिन सभी ने दूसरी तारीख देने का आग्रह किया था।राष्ट्रीय महिला आयोग ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने उनकी अनुपस्थिति के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा, पूर्व विदेश यात्रा प्रतिबद्धताओं और अन्य तार्किक चुनौतियों के बारे में चिंता जाहिर की। आयोग ने इन कारणों पर गहनता से विचार किया और उनको समन का अनुपालन करने की अनुमति देने के लिए सुनवाई को पुनर्निर्धारित किया है।इलाहाबादिया ने आयोग को सूचित किया है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और इसलिए उन्होंने तीन सप्ताह बाद सुनवाई की नई तारीख का अनुरोध किया है। आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 6 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है। अपूर्वा मुखीजा ने बताया कि उन्हें अपनी सुरक्षा का डर है और वे केवल वस्तुतः सुनवाई में शामिल हो सकती हैं। उनके वकील ने एक ईमेल में उल्लेख किया कि स्थिति सामान्य होने पर मुखीजा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगी। आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 6 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है। समय रैना वर्तमान में एक पूर्व नियोजित दौरे के लिए अमेरिकी यात्रा पर हैं और उन्होंने आयोग को आश्वासन दिया है कि वह भारत लौटने पर सुनवाई के लिए पेश होंगे। आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 11 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है।